


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-48 | सीहोर, शनिवार 05 अप्रैल 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## वक्फ संशोधन बिल पारित होने के साथ ही देशभर में शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन

### -सड़कों पर उतरे मुस्लिम समुदाय के लोगों को पुलिस ने खदेड़ा
### -यूपी हाई अलर्ट पर, कोलकाता और अहमदाबाद में पोस्टर जला किया गया विरोध




नई दिल्ली,(ए)। वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पारित होने के साथ ही देश में इसका विरोध प्रदर्शन भी शुरु हो गया। अनेक राज्यों में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग विरोध स्वरुप सड़कों पर आ गए और प्रदर्शन किया। विरोध के चलते उत्तर प्रदेश के सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। संवेदनशील जगहों पर पुलिस अलर्ट पर है।वक्फ संशोधन बिल के विरोध में गुजरात समेत पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, असम, तेलंगाना, कर्नाटक आदि राज्यों में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। गुजरात के अहमदाबाद शहर में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम सड़कों पर एकत्र हुए। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोग वक्फ बिल वापस लो, रिजेक्ट यूसीसी लिखे पोस्टर-बैनर अपने हाथों में ले रखे थे। वहीं अनेक लोगों ने विरोध स्वरुप बांह पर काली पट्टी बांध रखी थी। यहां विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने लोगों को बल पूर्वक खदेड़ दिया और करीब 50 लोगों को हिरासत में ले लिया।

### पश्चिम बंगाल में हजारों लोग सड़कों पर उतरे

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। वक्फ बिल के विरोध में कोलकाता स्थित पार्क सर्कस क्रासिंग में हजारों की भीड़ जुटी, जिनके हाथों में भी वक्फ बिल रिजेक्ट लिखे बैनर-पोस्टर थे। इसके अलावा कोलकाता के अन्य स्थलों में भी वक्फ बिल का विरोध हो रहा है। अनेक जगहों पर एकत्र लोगों ने वक्फ बिल लिखी तख्तियों को आग के हवाले किया है।

बिहार में भी वक्फ बिल के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं। यहां तमिलनाडु में अभिनेता विजय की सियासी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम ने भी विरोध प्रदर्शन किया है। वक्फ बिल के खिलाफ रांची में भी हंगामा देखने को मिला है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि वक्फ बिल मस्लिम समुदाय के साथ ही देश के लिए भी सही नहीं है।

देश में चल रहे विरोध के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के तमाम 75 जिलों को पुलिस हाई अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस ने अनेक संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया है। हद यह है कि लखनऊ शहर में दरगाहों और मस्जिदों की निगरानी ड्रोन से की जा रही है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सौजन्य भेंट की।

## बयानबाजी से बचें, बांग्लादेश में हिंदूओं की रक्षा यूनुस से मुलाकात में पीएम मोदी की दो टूक

बैंकॉक (ए)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक की। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार पतन के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता के बांग्लादेश की कमान संभालने के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात है।



बैठक के बाद, यूनुस के कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस और भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बैंकॉक, थाईलैंड में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के अवसर पर एक द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के पतन और उनके भारत भाग आने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंध सहज नहीं रहे हैं। यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार को अल्पसंख्यकों समुदाय पर हो रहे हमलों के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। भारत ने इस मुद्दे पर बांग्लादेश के साथ अपनी चिंताओं को बार-बार साझा किया है।दोनों नेताओं के बीच यह बैठक इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में यूनुस चीन की यात्रा करके लौटे हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के बाद से यूनुस का रवैया चीन के प्रति खासा नरम रहा है। बुधवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने यह संकेत दिया था कि बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की मुलाकात हो सकती है। रोहिंग्या और प्राथमिकता वाले मुद्दों पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने भारत से यह वार्ता (दोनों देशों के नेताओं के बीच) आयोजित करने का अनुरोध किया हैज इस बैठक के होने की पर्याप्त संभावना है। तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर यूनुस को पत्र लिखा था। उन्होंने बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में यह पत्र लिखा और दोनों देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

## अभिनेता मनोज कुमार नहीं रहे




मुंबई (ए.)। वो दिग्गज अभिनेता जिसने फिल्मों को एक नई दिशा दी। देश प्रेम इतना कि लगभग हर फिल्म में इसकी झलक दिखाई दी। फिल्म क्रांति जब आई तो पूरे देश में छा गई। इसका एक गाना आज भी लोगों की जुबान पर है। जिंदगी की न टूटे लड़ी प्यार करले घड़ी दो घड़ी। ऐसा ही प्यार अपने देश से करते करते अंततः अभिनेता मनोज कुमार ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। रीदेशप्रेम पर आधारित फिल्में बनाने वाले बॉलीबुड के दिग्ग्ज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हे भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। दिग्गज एक्टर के निधन से इंडस्ट्री में शोक की लहर है।मनोज कुमार को 'भारत कुमार'के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मनोज कुमार कई दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। वहीं, शुक्रवार सुबह उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। मनोज कुमार के निधन की खबर सामने आने के बाद से स्टार्स और फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

## राहुल गांधी को झटका, वीर सावरकर पर टिप्पणी केस में याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने वीर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने याचिका दाखिल करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनको समन जारी कर जुर्माना लगाया गया था। न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दी। हाईकोर्ट की बेंच ने उन्हें अल्टरनेट रेमेडी (वैकल्पिक उपाय) अपनाने का सुझाव देते हुए लखनऊ सेशन कोर्ट जाने को कहा है। दरअसल, 3 मार्च को लखनऊ की अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर राहुल पर 200 जुर्माना लगाया था।



### वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी, कांग्रेस सांसद ने दी दायर की याचिका

नई दिल्ली , (आरएनएस)। वक्फ संशोधन बिल लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद जुमे की नमाज को लेकर पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी है। इसी क्रम में यूपी की राजधानी लखनऊ, गाजियाबाद, रायबरेली और संभल में धार्मिक स्थलों के सामने से मार्च निकाला जा रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस तैनात है। वहीं, अब लोकसभा और राज्यसभा से पास हुए वक्फ संशोधन बिल को देश की सबसे बड़ी अदालत में चुनौती दी गई है।हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रूख किया हैं। औवेसी ने देश की सर्वोच्च अदालत में इस संशोधन बिल के खिलाफ याचिका दायर की है। ओवैसी से पहले बिहार के कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

## पठानकोट : रावी नदी के रास्ते आए तीन संदिग्ध, पुलिस का सर्च अभियान जारी

पठानकोट (आरएनएस)। पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से अलर्ट जारी कर दिया गया है। बुधवार शाम सुजानपुर के गांव मट्टी के पास रावी नदी में नहा रहे कुछ स्थानीय लोगों ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा, जो जम्मू की ओर से नहीं पार कर पंजाब में दाखिल हो रहे थे। उनके पास एक बैग था और वे मुख्य सड़क का रास्ता पूछ रहे थे। स्थानीय लोगों को उन पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत पठानकोट पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और बुधवार रात से ही इलाके में बड़े स्तर पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के साथ-साथ कमांडो दस्तों को भी तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इतना ही नहीं, ड्रोन के जरिए भी इलाके का चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है।इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दूसरे जिलों से भी अतिरिक्त फोर्स मंगवाई गई है।

## 13 साल से कम उम्र के बच्चों को न चलाने दें सोशल मीडिया

नई दिल्ली (आरएनएस)। 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर एक याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि यह नीतिगत का मामला है और इसे संसद से कानून बनाने के लिए कहा जा सकता है।न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, यह नीतिगत का मामला है। आप संसद से कानून बनाने के लिए कहें। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित प्राधिकरण के पास प्रस्तुति देने की स्वतंत्रता दी।कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि याचिका में कोई प्रस्तुति दी जाती है तो उसे आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा।यह याचिका जेप फाउंडेशन द्वारा दायर की गई थी, जिसमें केंद्र और अन्य से बच्चों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए मजबूत आयु सत्यापन प्रणाली, जैसे बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लागू करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।






## बहू की खौफनाक करतूत, सास को बालों से घसीटकर पीटा, पति को भी पिटवाया





ग्वालियर (ए.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक बहू ने अपनी सास के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। वायरल हुए एक वीडियो में आरोपी बहू अपनी सास को बालों से पकड़कर घसीटते हुए बेरहमी से पीटती हुई नजर आ रही है। इतना ही नहीं, इस दौरान बहू के मायके वालों ने उसके पति को भी जमकर पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पीड़ित पति और सास ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित पति विशाल बत्रा ने पत्रकारों से बातचीत में अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि उन्हें डर है कि कहीं उनकी पत्नी मेरठ जैसी घटना को दोहराते हुए उनकी और उनकी बूढ़ी मां की हत्या न कर दे। विशाल का आरोप है कि यह सब संपत्ति पर कब्जा करने की नीयत से किया जा रहा है। फिलहाल, इस मामले में आरोपी पत्नी का पक्ष सामने नहीं आया है।यह पूरा मामला ग्वालियर के इंदरगंज थाना क्षेत्र स्थित आदर्श कॉलोनी का है। यहां रहने वाले विशाल बत्रा कारों के स्पेयर पार्ट का व्यवसाय करते हैं। आदर्श कॉलोनी में उनका एक मकान है, जिसकी अनुमानित कीमत 2-3 करोड़ रुपये बताई जा रही है। विशाल अपनी मां सरला बत्रा, पत्नी और दो बच्चों के साथ इसी मकान में रहते हैं।

विशाल के अनुसार, बीते दिनों सुबह उनकी पत्नी के मायके पक्ष के लोग उनके घर आए और आते ही मारपीट शुरू कर दी। सबसे पहले उनके ससुर ने उन पर हाथ उठाया, और जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साले ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। अपने बेटे को बचाने आई विशाल की मां सरला बत्रा को भी बहू ने पहली मंजिल से नीचे उतरकर बुरी तरह पीटा। मारपीट इतनी बढ़ गई कि सभी लोग घर के बाहर सड़क पर आ गए, जहां भी जमकर लात-घूंसे चले। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपी बहू अपने पति को भी लातों से मार रही है। पड़ोसियों के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार मामला शांत हुआ।विशाल ने बताया कि यह घटना 1 अप्रैल को हुई थी। घटना के अगले दिन, 2 अप्रैल को विशाल बत्रा थाने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक पुरुष होने के कारण पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज करने में भी आनाकानी की। काफी मशक्कत के बाद उनकी एफआईआर दर्ज हो पाई, जिसमें पुलिस ने मामूली धाराएं लगाई हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में केंद्र और एएसआई को पक्षकार बनाने की मांग, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

मथुरा ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद से जुड़े दो मामलों में शुक्रवार को हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े दो मामले सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध थे। पहला मामला मस्जिद कमेटी द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने से जुड़ा था, जिसमें हमने संशोधन आवेदन दाखिल कर अनुरोध किया था कि एएसआई और केंद्र सरकार को पक्ष बनाया जाए। हाईकोर्ट ने हमारा अनुरोध स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई और कोर्ट ने मामले को 8 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया।





# धार्मिक नगरों में पवित्र भाव और परिवारों में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए लागू की शराबबंदी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पीताम्बरा माई सहित देवी माँ की कृपा वाले सभी स्थानों को देवी लोक के रूप में किया जाएगा विकसित




**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया**

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वसुधैव कुटुंबकम के विचार वाली भारतीय संस्कृति संपूर्ण विश्व को परिवार मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस सिद्धांत पर चल रही राज्य सरकार सभी के हित और कल्याण के लिए समर्पित है। परिवारों का वातावरण खराब न हो, मेहनत से कमाए गए पैसे का उपयोग परिवार के हित में हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ही शराबबंदी लागू की गई है। धार्मिक नगरों में पवित्र भाव की अनुभूति होती है, अत- प्रदेश में विद्यमान 19 देव-स्थानों की गरिमा को बनाए रखने के लिए ही इन स्थानों पर शराबबंदी लागू की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माँ पीताम्बरा की नगरी दतिया में शराबबंदी लागू करने के लिए आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दतिया में शराबबंदी के लिये नागरिक अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया सहित प्रदेश में जहां-जहां देवी मां की कृपा है, वहां देवी लोक विकसित किए जाएंगे। चित्रकूट सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रदेश के सभी स्थानों का श्रीराम वनपथ गमन मार्ग के अंतर्गत उन्नयन किया जा रहा है। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण की जहां-जहां भी लीलाएं हुईं, उन स्थानों को भी तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति के मूल भाव सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामय: के अनुरूप राज्य सरकार सबके कल्याण के लिए ही समर्पित भाव से काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। राज्य सरकार के लिए कृषकों का हित सर्वोपरि है, किसानों को उनकी मेहनत और उपज का सही दाम मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए ही 2600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर गेहूं खरीदा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लिए केन-बेतवा लिंक परियोजना और चंबल-काली सिंध-पार्वती नदी जोड़ों परियोजना जैसी सौगात प्रदेश को दी है। साथ ही ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से जमीन नहीं बेचने का आहवान करते हुए कहा कि इन नदी जोड़ो परियोजनाओं से दतिया भी लाभान्वित होगा और किसान परिवारों का खुशहाल जीवन सुनिश्चित है। डबल इंजन की सरकार में जनता का हित सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनावश्यक खर्चों से परहेज करने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करते हुए कहा कि विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में अनावश्यक खर्च करना व्यर्थ है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दतिया में पीतांबरा माई के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

# 521 मीटर लंबी चुनरी यात्रा ने बिखेरी आस्था की अलौकिक छटा

भोपाल (आरएनएस)। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर जय माँ भवानी सेवा समिति, भोपाल द्वारा 9वें वर्ष लगातार 521 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। प्रवक्ता राजेश राय ने बताया कि चुनरी यात्रा के दौरान पूरा शहर देवी शक्ति की भक्ति में डूबा नजर आया। जयकारों की गूंज, भक्ति संगीत की धुन, और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे ने कन्याओं के दूध से पैर पूजन, अक्षत, फूल और कुंकुम अर्पण कर यात्रा की शुरुआत कराई। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ माँ भवानी के जयकारे लगाते हुए यात्रा को मंगलमय होने का आशीर्वाद दिया। समिति के अध्यक्ष कौशल राय ने बताया कि इस वर्ष यात्रा पहले से भी अधिक भव्य और दिव्य रही।

# मोबाइल गुम होने पर परिचित से कही थी फोन लगाने की बात

## -इसी को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने युवक को घर में घुसकर चाकू मारा



भोपाल (ए.)। बैरसिया थाना इलाके में बीती रात हुए आपसी विवाद में दो लोगों ने एक युवक के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से घातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये है। पुलिस के अनुसार मिल्क मोहल्ला बैरसिया में रहने वाला गजराज मोंगिया मेहनत-मजदूरी का काम करता है। वहीं आरोपी संभू भी मजदूरी करता है। दो दिन पहले गजराज का मोबाइल गुम हो गया था। इस पर गजराज ने संभू से कहा कि वह उसके मोबाइल पर फोन लगाए। इस बात पर संभू ने कहा कि वह उस पर शक कर रहा है। इस बात को लेकर दोनों के बीच मामूली कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। उस समय तो आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया और दोनों अपने-अपने घर चले गए। बाद में आरोपी संभू अपने साथी के साथ मिलकर गजराज के घर पहुंचा। दिन में हुए विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए दोनों ने मिलकर गजराज के साथ पहले तो जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान ही आरोपियो ने उस पर चाकू से घातक हमला कर फरार हो गए। परिजन घायल को इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बीड़ी पीने दुकान पर गया किसान, बदमाश गाड़ी पर टंगा 2 लाख से भरा बैग लेकर भाग गया

*-सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश, फुटेज के आधार पर तलाश जारी*



भोपाल (ए.)। देहात क्षेत्र के बैरसिया थाना इलाके में दिनदहाड़े एक बदमाश किसान की गाड़ी पर टंगा दो लाख की नगदी से भरा थैला लेकर चंपत हो गया। बदमाश की करतूत एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है पुलिस फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी मोहर सिंह राजपूत पेशे से खेती किसानी करते हैं। बीती दोपहर जरुरत होने पर उन्होंने बैंक जाकर दो लाख की रकम निकाली थी, पैसै को थैले में रख कर उस थैले को अपनी गाडी पर टांग लिया और एक दुकान पर बीडी पीने के लिए चले गए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस गाड़ी के पास आये तो देखा कि उस पर टंगा नगदी से भरा थैला गायब था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने भी कोई जानकारी नहीं लगी। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम ने पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किये तो उसमें सामने आया की अज्ञात बदमाश ने थैला चोरी किया है। बाद में फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया।

# 03225/03226 दानापुर-चर्लपल्ली-दानापुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 13-13 ट्रिप

## भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी




भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 03225/03226 दानापुर - चर्लपल्ली - दानापुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (13-13 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 03225 दानापुर - चर्लपल्ली साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 13 ट्रिप**

गाड़ी संख्या 03225 दानापुर - चर्लपल्ली विशेष ट्रेन दिनांक 03 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को दानापुर स्टेशन से रात 20:50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 13:30 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन सुबह 05:15 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 03226 चर्लपल्ली - दानापुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 13 ट्रिप**

गाड़ी संख्या 03226 चर्लपल्ली - दानापुर विशेष ट्रेन दिनांक 06 अप्रैल 2025 से 29 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को सुबह 10:00 बजे चर्लपल्ली स्टेशन से प्रस्थान कर, (उसी दिन) मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 01:10 बजे इटारसी स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन शाम 19:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी जं., नागपुर जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागज़नगर, बेलमपल्ली, रामगुंडम, पेड्डापल्ली, काज़ीपेट जं., चर्लपल्ली स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव क्रांतिसूर्य टंट्या भील की जयंती पर किया नमन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी, जनजातीय गौरव व संस्कृति के रक्षक, क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील की जयंती पर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय अस्मिता की रक्षा और माँ भारती की सेवा में सर्वस्व न्योछावर करने वाले क्रांतिसूर्य टंट्या मामा भील का अतुलनीय योगदान सर्वदा स्मरणीय रहेगा। उनके समर्पण, शौर्य और बलिदान की कहानियां, भावी पीढ़ियों को मातृभूमि की सेवा और अपनी संस्कृति व परंपराओं की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

# प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम का शुभारंभ आज




भोपाल (निप्र)। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर पॉड कॉन्सेप्ट रिटायरिंग रूम का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। यह सुविधा रेलवे यात्रियों को आरामदायक एवं आधुनिक विश्राम सुविधा प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आलोक शर्मा, सांसद भोपाल, विश्वास कैलाश सारंग, कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश शासन विशेष अतिथि देवाशीष त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल होंगे।

# खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएँ : श्री चौहान




भोपाल (ए.)। कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा इनवेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में आयोजित सीड टू सेल्फ इन लांचिंग इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटी इन एमपी एग्री फूड एण्ड डेयरी सेक्टर पर आयोजित सत्र में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएँ हैं। मध्यप्रदेश निवेश के लिये आवश्यक अधोसंरचना के साथ एक लाख हैक्टेयर का लैण्ड बैंक रखने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत टमाटर, मटर, प्याज, लहसुन, मिर्च, गेहूँ और चावल उत्पादन में देश अग्रणी है। उन्होंने कहा कि कृषि-उद्यानिकी उत्पादन की प्रचुर मात्रा में उत्पादन से किसान को फसल का भरपूर दाम नहीं मिल पाता है। इसलिये आवश्यक है कि प्रदेश में फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा दिया जाये। इससे फसलों का वैल्यू एडीशन होगा। किसान और उत्पादक इकाई, दोनों लाभान्वित होंगे। इसी तरह भारत पूरी दुनिया में फूड प्रोसेसिंग के लिये वर्ल्ड लीडर बन सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय कृषि मंत्रालय फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिये बीज और पौध की नवीन किस्म विकसित करवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के कृषि उत्पादन को विदेशों में बेहतर मांग मिल सके, इसके लिये भारत सरकार द्वारा चावल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी शून्य कर दी है। साथ ही ऑइल पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दी है। इसका लाभ देश की फूड प्रोसेसिंग इकाइयों को मिलेगा। उन्होंने सभी निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये भरपूर सहयोग का आश्वासन भी दिया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने इनवेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 में आये सभी निवेशकों ओर विषय-विशेषज्ञों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, अपनी समृद्ध कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण क्षमताओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। प्रदेश के उद्यानिकी उत्पादों ने देश में अलग पहचान बनायी है। प्रदेश के 27 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों का उत्पादन किया जा रहा है।

# पुलिसकर्मियों में आपसी भाईचारे और समन्वय की भावना विकसित करने में सहायक हैं ऐसे आयोजन : डीजीपी

## भोपाल की 7वीं वाहिनी ( विशेष सशस्त्र बल ) के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बड़ा खाना का आयोजन



भोपाल (निप्र)। भोपाल की 7वीं वाहिनी (विशेष सशस्त्र बल) के 76वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 1 से 4 अप्रैल 2025 तक वाहिनी में खेलकूद, मोटिवेशन सेमिनार, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसी अनुक्रम में कार्यक्रम के अंतिम दिन 4 अप्रैल 2025 को डीजीपी कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित गतिविधियों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों के लिए बड़ा खाना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजन का मनोबल बढ़ाते हुए डीजीपी श्री मकवाणा ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी एक परिवार की तरह हैं। बड़ा खाना की यह परंपरा हमें इस बात की याद दिलाती है कि कोई भी पुलिसकर्मी पद में बड़ा हो या छोटा, लेकिन उसका कार्य समान रूप से महत्वपूर्ण होता है। कर्तव्य के सामने प्रत्येक पुलिसकर्मी की निष्ठा समान होती है। कार्यक्रम के अंत में 7वीं वाहिनी के कमांडेट हितेश चौधरी ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर एडीजी चंचल शेखर, एडीजी अनिल कुमार, आईजी अभय सिंह, आईजी इरशाद वलि, डीआईजी मोहम्मद युसुफ कुरैशी, डीआईजी डी कल्याण चक्रवर्ती, कमांडेट कुमार प्रतिक,प्रशिक्षु आईपीएस मनस्वी शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**डीजीपी श्री मकवाणा ने इन्हें किया सम्मानित**

डीजीपी श्री मकवाणा ने वर्ष 2024-25 में आईआईटी में चयन होने पर लवकेश गुर्जर पिता निरीक्षक रूस्तम सिंह गुर्जर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी (मुक्केबाज) कुमारी माही लामा पिता अमरनाथ लामा तथा क्लैट 2025 में ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस में 88वीं रेंक प्राप्त कुमारी दिव्यानी परमार पिता आरक्षक (आर्म्स) गणेश परमार को पुरस्कृत किया। डीजीपी श्री मकवाणा ने कहा कि सातवीं वाहिनी का इतिहास गौरवशाली रहा है। इसकी स्थापना वर्ष 1950 में भोपाल आर्म्ड कांस्टेबुलरी के रूप में हुई थी। 1956 में मध्य प्रदेश राज्य के गठन के बाद इसका वर्तमान स्वरूप अस्तित्व में आया।



ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

# विविध-समाचार

## सड़क किनारे बेसूध मिले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

भोपाल(ए.)। खजूरी सड़क थाना इलाके में सड़क किनारे मिले बेसूध व्यक्ति की इलाज के दौरान हॉस्पिटल में मौत हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि 3-4 अप्रैल की रात सूचना मिलने पर पुलिस इलाके में स्थित रासलाखेड़ी पहुंची थी, वहां सड़क किनारे एक युवक पड़ा मिला था। उसकी सांसे चल रही थी, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण वह बातचीत करने में असमर्थ था। उसे इलाज के लिये एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब 24 घंटे चले इलाज के बाद बीती रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उपचार दौरान भी उसकी हालत ठीक न होने पर उसके बयान दर्ज नहीं किये जा सके थे। मृतक की उम्र 40 साल के आसपास है, उसका कद करीब 5 फुट 6 इंच, रंग गेहुंआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिये मर्चुरी में रखवा दिया है। शव की पहचान जुटाने के लिये पुलिस ने जहां हादसे की सूचना आसपास के थानों में भेजी है, वही सोशल मीडिया पर भी मृतक की जानकारी फोटो सहित वायरल करते हुए शव की पहचान होने पर इसकी सूचना थाना खजूरी सड़क को फोन नबंर 9826134136 या 7049106280 पर दिये जाने की अपील की है।

## प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद के नाम का उपयोग करना अवैधानिक

### प्रेस-काउंसिल ने जारी की एडवाइजरी

भोपाल, (निप्र)। केन्द्र सरकार ने प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय प्रेस परिषद) के नाम के अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि उन्हें सूचना मिली है, कुछ प्रेस संगठनों द्वारा प्रेस-परिषद शब्द का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, जिससे प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया की संस्थागत महत्ता प्रभावित हो रही है और उसके विशिष्ट अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रेस-काउंसिल ऑफ इंडिया एक सांविधिक निकाय है। इसकी स्थापना प्रेस-परिषद अधिनियम-1978 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने और समाचार-पत्रों एवं समाचार एजेंसियों के मानकों को बनाए रखने एवं सुधारने के उद्देश्य से की गई थी। इसका सचिवालय नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूचना भवन में है। सचिवालय द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भारतीय प्रेस-परिषद की किसी भी राज्य में कोई शाखा नहीं है, न ही उसने किसी अन्य निकाय को अपने समान या मिलते-जुलते नाम का उपयोग करने के लिए अधिकृत किया है।सचिवालय से जारी निर्देश के अनुसार किसी संगठन द्वारा प्रेस काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस-परिषद शब्द का उपयोग करना, प्रतीक और नाम के अनुचित उपयोग निवारण अधिनियम, 1950 की धारा 3 और प्रविष्टि 7(ii) का उल्लंघन है। इस संदर्भ में केन्द्रीय विधि विभाग ने भी स्पष्ट किया है कि किसी अन्य संगठन द्वारा इस नाम का उपयोग करना अवैध है और इसके लिए कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सचिवालय ने प्रेस-काउंसिल अथवा भारतीय प्रेस परिषद शब्द का उपयोग न करने के संबंध में सभी जिला कलेक्टर्स को भी निर्देशित किया गया है।

## कैबिनेट ने भारतीय रेलवे में चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

भोपाल (निप्र)। लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए, भारतीय रेलवे ने चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को शुरू करने की योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य यात्रियों और माल दोनों का निर्बाध और तेज़ परिवहन सुनिश्चित करना है। इन पहलों से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी, तेल आयात में कमी आएगी और $CO_2$( कार्बन डाइऑक्साइड) उत्सर्जन में कमी आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कोयला, लौह अयस्क और अन्य खनिजों के लिए प्रमुख मार्गों पर लाइन क्षमता बढ़ाकर लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। इन सुधारों से आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा, जिससे त्वरित आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 18,658 करोड़ रुपये है और इन्हें 2030-31 तक पूरा किया जाएगा। परियोजनाओं के निर्माण के दौरान लगभग 379 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा।

## महिला ने मैनेजर से लिफ्ट मांगी, युवको ने अनगर्ल आरोप लगाकर मारपीट कर मोबाइल छीना

### -चार आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज, तीन गिरफ्तार

भोपाल (ए.)। शहर के गौतम नगर थाना इलाके में एक महिला को लिफ्ट देकर अपने साथ लेकर जा रहे रेस्टोरेंट मैनेजर के साथ चार युवको द्वारा मारपीट कर मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। बताया गया है, कि फरियादी रात के समय घर जा रहा था, रास्ते में सड़क किनारे उसे महिला मिली। महिला ने उसे थोड़ी दूर तक छोड़ने के लिये लिफ्ट मांगी। मैनेजर जब उसे लिफ्ट देते हुए अपने साथ लेकर जा रहा था, उसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उसका वीडियो बनाया और बाद में अनर्गल आरोप लगाते हुए रोक लिया। उसके रुकने पर युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया वहीं उनका एक साथी फरार बताया जा रहा है। थाना पुलिस के अनुसार करोंद इलाके में रहने वाला 21 वर्षीय विजय सिंह क्षेत्र में ही एक रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी करता है। बीती रात करीब साढ़े 11 बजे वह रेस्टोरेंट बंद होने के बाद बाइक से वापस घर जाने के लिए निकला। रेस्टोरेंट से थोड़ी दूर पहुंचने पर ही उसे सड़क किनारे खड़ी एक महिला ने विजय को इशारा कर रोका। उसके रुकने पर महिला ने कहा की उसे एक व्यक्ति से अपनी उधारी की रकम लेनी थी, उसी ने उसे पैसे वापस देने के लिये यहॉ बुलाया था। वह उसकी बताई जगह पर आ गई लेकिन वह व्यक्ति नहीं आया और उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। इसके बाद महिला ने विजय से मदद मांगते हुए कहा कि वह उसे उसके रास्ते में ही आगे तक छोड़ दें वह वहॉ से अपने घर चली जायेगी। महिला की मदद के इरादे से विजय ने उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और आगे की और चल दिया। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने विजय सिंह का पीछा करते हुए उसका महिला के साथ बैठे हुए वीडियो बना लिया। विजय और महिला जैसे ही डीआईजी बंगला चौराहे के पास पहुंचे वैसे ही बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद आरोपी युवक महिला और उसके संबंध को लेकर अनर्गल आरोप लगाते हुए कहने लगे की वह गलत नीयत से दूसरे समुदाय की महिला को अपने साथ लेकर जा रहा है। विजय और महिला दोनों ने युवको से अपने किसी भी तरह का संबंध न होने की बात कहते हुए उन्हें समझाइश देने का प्रयास किया। लेकिन दो बाइकों पर सवार युवको ने विवाद करते हुए विजय के साथ मारपीट कर दी और इसी दौरान मोबाइल फोन भी छीन लिया। झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची लेकिन तब तक बाइक सवार युवक मौके से भाग चुके थे। बाद में अजय सिंह की शिकायत पर मारपीट और झपटकारी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने देर रात घेराबंदी करते हुए तीन युवकों को हिरासत में ले लिया है, वहीं एक युवक की तलाश की जा रही है।

# 51 साल की मलाइका अरोड़ा ने कैमरे के सामने गिराई हुस्न की बिजलियां, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख हैरत में पड़े फैंस



बॉलीवुड की फिटनेस और फैशन क्वीन मलाइका अरोड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस भले ही इन दिनों किसी फिल्म में नहीं नजर आ रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हमेशा अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस के बीच लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। बता दें कि एक्ट्रेस बॉलीवुड की सबसे फिट लेडी हैं और आए दिन अपनी तस्वीरों से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।बता दें कि एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा भले ही 51 साल की हो चुकी हैं, लेकिन अभी भी अपनी हॉटनेस से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं।अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से मंत्रमुग्ध हो गए हैं।मलाइका अरोड़ा की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों का स्टाइलिश लुक में बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लग गया है।बता दें कि मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज अपलोड करती है तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

## सलमान खान के द बॉलीवुड बिग वन टूर से प्रशंसक निराश

सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल दिखाती नहीं दिख रही है।

अब इस बीच सलमान ने अपने नए टूर का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम द बॉलीवुड बिग वन है। हालांकि, भाईजान के प्रशंसक उनके इस टूर से निराश हैं।

आइए आपको इसके पीछे का कारण बताते हैं। सिकंदर ने सलमान के फैंस को काफी निराश किया है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों का दुख साफ झलकता है।सलमान के प्रशंसक उनसे अच्छी फिल्मों की मांग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, भाईजान के प्रशंसकों का मानना है कि उन्हें सही स्क्रिप्ट और निर्देशक चुनने की जरूरत है। एक ने लिखा, भाई ऐसे टूर में समय बर्बाद मत करो। एक लिखते हैं, ये सब छोड़ो, कोई अच्छा निर्देशक चुनें, जो आपको बेहतर तरीके से पेश करना जानता हो। एक प्रशंसक ने सलमान की सेहत की चिंता करते हुए लिखा, भाई सारी चीजों को छोड़ो और आराम करो अपनी सेहत पर ध्यान दो।

# फैशन आकर्षक के साथ कंफर्टेबल भी होना चाहिए : नुपुर सेनन

गायिका और अभिनेत्री नूपुर सेनन लैक्मे फैशन वीक 2025 में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि गर्मियों के मौसम में खुद को कूल कैसे रखें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को फैशन के बारे में टिप्स भी दिए।

अभिनेत्री ने बताया, मुंबई में गर्मियों में आइसक्रीम की जरूरत होती है। तो निश्चित रूप से मैग्नम आइसक्रीम आपको खाना चाहिए। मुझे लगता है कि गर्मियों में आप भले ही पसीना बहाएं, मगर नियमित वर्कआउट करते हैं और उसके साथ अपने मौज-मस्ती को भी जारी रखते हैं, तो भले ही गर्मी है, आप उस समय मैग्नम ब्लॉसम खा सकते हैं और खुद को कूल भी रख सकते हैं।

मनपसंद आइसक्रीम का खुलासा करने के बाद, अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें मुंबई का कौन सा स्ट्रीट फूड पसंद है। उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं और मुझे मुंबई का बॉम्बे सैंडविच सबसे ज्यादा पसंद है, जिसमें आलू और कुछ चटनी होती है।

अभिनेत्री ने अपने खुद के क्लॉथ ब्रांड के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, मेरे पास अपना खुद का कपड़ों का ब्रांड है, जिसका नाम लेबल नोवो है। कोई भी स्टार्टअप कंपनी मुझसे जुड़ सकती है।



अभिनेत्री ने फैशन के बारे में भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया, मेरा विचार फैशन को लेकर स्पष्ट है, जो हमेशा आपको फैशनेबल के साथ आकर्षक भी बनाए, लेकिन वह कंफर्टेबल भी होना चाहिए। मैं अपने फैशन के जरिए हर महिला को और भी ऑप्शन देना चाहती हूं।किसी खास इवेंट के लिए पहनावा और स्टाइल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं अपने फैशन को पूरी तरह से स्टाइलिस्ट पर नहीं छोड़ती। स्टाइलिस्ट आपकी मदद करते हैं, वे आपके फिगर स्टाइलिंग को बेहतर ढंग से समझते हैं, लेकिन मैं फैशन के साथ कंफर्ट और स्टाइल को साथ में लेकर चलती हूं।

इसके साथ ही, अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों के लिए फैशन को लेकर एक संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, आप जैसे हैं, वैसे ही रहें। किसी को भी अपने फैशन को एक प्रकार के रूप में परिभाषित न करने दें और उन ब्रांड्स से खरीदारी करें जो आपको आपके हिसाब से फैशन में ढाल सकें।

## टीजर ने मचाया धमाका, अब 7 अप्रैल को रिलीज होगा इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो का ट्रेलर




एक्सेल एंटरटेनमेंट अपनी अपकमिंग एक्शन थ्रिलर 'ग्राउंड जीरो' के साथ एक बेहतरीन बहादुरी और जज़्बे की कहानी लेकर आ रहा है. फिल्म में इमरान हाशमी बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे के दमदार किरदार में नजर आएंगे, जिन्होंने एक गुप्त मिशन को अंजाम दिया था, जिसने इतिहास की दिशा बदल दी. 2015 में इस मिशन को बीएसएफ के पिछले 50 सालों में सबसे बेहतरीन मिशन के रूप में सम्मानित किया गया था. फिल्म का जबरदस्त टीजर पहले ही धमाल मचा रहा है और अब मेकर्स एक और बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं. जल्द ही मच अवेटेड ट्रेलर रिलीज किया जाएगा, जो दर्शकों की एक्साइटमेंट को डबल कर देगा.रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'ग्राउंड जीरो' का मच अवेटेड ट्रेलर 7 अप्रैल 2025 को एक ग्रैंड इवेंट में लॉन्च किया जाएगा. इस खास मौके पर इमरान हाशमी, साई ताम्हणकर, प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, डायरेक्टर तेजस देओस्कर और जोया अख्तर मौजूद रहेंगे. फिल्म में शानदार स्टारकास्ट भी शामिल है, जिसमें साई ताम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, दीपक परमेश, ललित प्रभाकर, रॉकी रैना और राहुल वोहरा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे.2001 में हुए भारतीय संसद हमले की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म बीएसएफ डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे और उनकी टीम की कहानी दिखाएगी, जो इस हमले के मास्टरमाइंड गाजी बाबा का पर्दाफाश करते हैं. ट्रेलर में एक जबरदस्त थ्रिलर झलक मिलेगी, जो दर्शकों को इस सच्ची घटना से जुड़ी रोमांचक कहानी का अहसास कराएगी.

## अक्षय कुमार की केसरी चैप्टर 2 का ट्रेलर रिलीज, जलियांवाला बाग कांड का खौफनाक मंजर देख कांप उठेगी रुह



केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज किया गया है. इसमें भारत की सबसे महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाइयों में से एक की कहानी की झलक दिखाई गई है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की स्थिति और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वकील सी शंकरन नायर के नेतृत्व में न्याय की लड़ाई को दर्शाती है.गुरुवार को फिल्म मेकर करण जौहर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर केसरी चैप्टर 2 का दमदार ट्रेलर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, एक आदमी, उसका साहस, उसके शब्द - जिसने पूरे साम्राज्य को हिलाकर रख दिया, अब तक बोले गए सबसे चौंकाने वाले झूठ को उजागर करें, हमारे इतिहास के सबसे काले अध्याय को उजागर करें, जलियांवाला बाग त्रासदी के पीछे की सच्चाई को उजागर करें, केसरी चैप्टर 2 - ट्रेलर आउट. सिनेमाघरों में, 18 अप्रैल को.ट्रेलर में अनन्या पांडे को दिलरीत गिल के रूप में पेश किया गया है, जो एक महिला बैरिस्टर है जो सत्य की खोज में नायर का साथ देती है, जबकि आर माधवन नेविल मैककिनले के रूप में दिखाई देते हैं. उन्हें एक ट्रैलेंटेड एडवोकेट के रूप में संबोधित किया जाता है. उन्हें आर माधवन के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो अंग्रेजों का बचाव करने वाले वकील हैं.

## काला जादू और खौफ से भरा छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रिलीज, चीख-चिल्लाहट खड़े कर देगी रोंगटे

नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर हॉरर सुपरनैचुरल ड्रामा फिल्म छोरी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है. छोरी 2 का भूतिया ट्रेलर रोंगटे खड़े कर देने वाला है. छोरी 2 का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है. नुसरत के किरदार का नाम साक्षी है और सोहा अली खान डरावने किरदार में दर्शकों का पसीना छुड़ाएंगी. एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट बैनर तले फिल्म 11 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर देखने को मिलेगी.छोरी 2 का ट्रेलर दर्शकों को डरावनी दुनिया की सैर करा रहा है. ट्रेलर का एक पंच डायलॉग राजा ने छोरा चाहिए था ने समाज के कड़वे सच को सामने लाकर रख दिया है. छोरी 2 एक अंधविश्वास और काला जादू-टोना पर बेस्ड है. इसकी कहानी में एक मां अपने बच्चे को बचाने के लिए जद्दोजहद करती नजर आएंगी. ट्रेलर के कुछ सीन दर्शकों के रोंगटे खड़े करने वाले हैं. ट्रेलर में गश्मीर महाजनी, सौरभ गोयल और पल्लवी अजय जैसे एक्टर्स भी नजर आ रहे हैंजो कहानी को और भी थ्रिलर बनाने वाले हैं.

## क्या है फेस पुल एक्सरसाइज और इसे कैसे करें?



फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के ऊपरी हिस्से को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसे करने के लिए आपको एक रस्सी या बैंड की जरूरत होती है, जिसे आप अपने सिर के ऊपर से खींचते हैं।

यह कसरत न केवल आपके कंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि आपकी मुद्रा को भी सुधारती है और पीठ के निचले हिस्से पर दबाव कम करती है।

आइए फेस पुल से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

फेस पुल एक्सरसाइज करने का तरीका

फेस पुल एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले एक रस्सी या बैंड को अपने सिर के ऊपर से बांधें। अब दोनों हाथों से रस्सी को पकड़ें और धीरे-धीरे इसे अपने चेहरे की ओर खींचें। जब आपकी हथेलियां आपके चेहरे के पास आएं तो थोड़ी देर रुके और फिर वापस शुरू की स्थिति में आ जाएं। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं। ध्यान रखें कि आपके कंधे पीछे की ओर खिंचे हुए होने चाहिए और पीठ सीधी रखनी चाहिए।

### नियमित रूप से फेस पुल एक्सरसाइज करने के फायदे

फेस पुल एक्सरसाइज नियमित रूप से करने से कई फायदे मिल सकते हैं। इससे आपके कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और पीठ की मांसपेशियों पर दबाव कम होता है।इसके अलावा यह कसरत आपकी मुद्रा को सुधारती है और गर्दन के दर्द को कम करने में भी मदद करती है।

इससे आपके कंधों और पीठ की लचीलापन बढ़ती है, जिससे चोट लगने का खतरा कम होता है।

### एक्सरसाइज करते समय रखी जाने वाली सावधानियां

फेस पुल एक्सरसाइज करते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।

अगर आपको पहले से ही कंधे या पीठ में दर्द हो रहा हो तो इस कसरत को न करें।इसके अलावा कभी भी ज्यादा वजन उठाने की कोशिश न करें क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है।

सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की चोट से बचा जा सके और अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

### अन्य कसरत के साथ फेस पुल कैसे शामिल करें?

फेस पुल एक्सरसाइज को अन्य कसरत के साथ मिलाकर करना सबसे अच्छा तरीका है, जिससे आपको सम्पूर्ण लाभ मिल सके।आप इसे डेडलिफ्ट, स्क्वाट और बेंच प्रेस जैसी खास कसरत के साथ जोड़ सकते हैं ताकि आपके पूरे शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहें।इस प्रकार फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकती है।इसे नियमित रूप से अपनी फिटनेस दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

# पहली बार मेकअप किट खरीदने जा रही हैं तो इन 5 बातों पर जरूर दें ध्यान




मेकअप किट हर महिला की खूबसूरती को निखारने में मदद करती है। पहली बार मेकअप किट खरीदते समय कई सवाल और उलझनें होती हैं।इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, ताकि आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान हो सके।सही सामान का चयन कैसे करें, बजट कैसे तय करें और किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए, इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए आगे पढ़ें।

### सही सामान का चयन करें

पहली बार मेकअप किट खरीदते समय सबसे अहम कदम सही सामान का चयन करना है। अपने त्वचा के प्रकार और रंग के अनुसार सामान चुनें। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो बिना तेल वाले फाउंडेशन और पाउडर लें। सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम वाले प्रोडक्ट्स बेहतर होते हैं।इसके अलावा अगर आपकी त्वचा पर दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर और फाउंडेशन का सही रंग चुनें, जो आपके रंग से मेल खाता हो।

### बजट तय करें

मेकअप किट खरीदते समय बजट तय करना बहुत जरूरी होता है। इससे आपको अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदने में आसानी होगी और बिना वजह के खर्च से बच सकेंगी।

पहले से ही तय करें कि आपको कितने पैसे खर्च करने हैं और उसी अनुसार खरीदारी करें। इससे आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान और व्यवस्थित होगी।

इसके अलावा आप अपने बजट में रहते हुए अच्छे गुणवत्ता वाले सामान चुन सकती हैं, जो आपकी त्वचा के लिए सही हों।

### बेस मेकअप सामान पर ध्यान दें

बेस मेकअप सामान जैसे फाउंडेशन, कंसीलर, प्राइमर और पाउडर पर खास ध्यान दें।फाउंडेशन आपकी त्वचा के रंग से मेल खाना चाहिए ताकि आपका चेहरा एकसार लगे। कंसीलर का उपयोग आंखों के नीचे के काले घेरे और दाग-धब्बों को छिपाने के लिए किया जाता है।

प्राइमर त्वचा को मुलायम बनाता है और पाउडर मेकअप को टिकाऊ बनाने में मदद करता है। इन सभी बेस सामान का सही चयन आपके मेकअप लुक को शानदार बना सकता है।

### आंखों और होंठों का ध्यान रखें

आंखों और होंठों का मेकअप भी बहुत अहम होता है।

इसके लिए आईलाइनर, मस्कारा, आईशैडो और लिपस्टिक जरूर शामिल करें। आईलाइनर आपकी आंखों को गहरा दिखाता है जबकि मस्कारा पलकों को घना बनाता है।

आईशैडो से आपकी आंखों की खूबसूरती बढ़ती है। लिपस्टिक आपके होंठों को रंग देती है और आपके पूरे लुक को पूरा करती है।

इन सभी चीजों का सही उपयोग करके आप अपने मेकअप लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

### मेकअप ब्रश और लगाने वाले उपकरण लेना न भूलें

अच्छा मेकअप करने के लिए सही उपकरण होना बहुत जरूरी है इसलिए मेकअप ब्रश और लगाने वाले उपकरण लेना न भूलें।

ये उपकरण आपके मेकअप को सही तरीके से लगाने में मदद करेंगे और आपके लुक को पेशेवर जैसा बनाएंगे।

इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपनी पहली मेकअप किट खरीदारी को आसान बना सकती हैं और सही सामान का चयन कर सकती हैं, जो आपकी त्वचा के लिए सही हों।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## देश में 13 नये अरबपति

अरबपतियों की संख्या के मामले में अब भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक देश में 284 अरबपति हैं। इस साल इसमें देश में 13 नये अरबपति शामिल हुए। रिपोर्ट के अनुसार देश के 284 अरबपतियों की कुल संपत्ति 10 फीसद बढ़कर 98 लाख करोड़ रुपये या देश की जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद का एक-तिहाई हो गई है। भारत ने प्रत्येक अरबपति की औसत संपत्ति के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया।बीते साल 175 अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई है, जबकि 109 की कुल नेटवर्थ में कमी आई या वह स्थिर है। गौतम अडाणी की संपत्ति में वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक इजाफा हुआ, जो तकरीबन एक लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। मुंबई में सबसे अधिक 90 अरबपति हैं। इनमें भी शीर्ष दस में पांच अरबपति देश के अरबपतियों की राजधानी यानी मुंबई से हैं। दो राजधानी दिल्ली से व बेंगलूर, पुणो व अहमदाबाद से एक-एक हैं। पूंजीपतियों की औसत दौलत 34,514 करोड़ रुपये व उम्र 68 साल आंकी गई है। सूची में 22 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। हालांकि अमेरिका की तुलना में भारत व चीन काफी पीछे हैं। जहां 870 अरबपति हैं। देश में अरबपतियों की दौलत सालाना 10 फीसद बढ़ी, जबकि अमेरिका में यह बढ़त 27 फीसद रही। दुनिया में कुल 3,442 अरबपति हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के शीर्ष पर पहुंचने व पारिवारिक कारोबार में तेजी आने का अप्रत्यक्ष लाभ कुछ हद तक सबसे पिछली कतार में बैठे वर्ग तक पहुंचने की भी उम्मीद की जाती है। ये कारोबार फार्मास्यूटिकल्स, एजूकेशन, टेकनॉलाजी, फूड डिलीवरी आदि में विशेष तौर पर कारगर हैं।जाहिरा तौर पर इन सबमें आम आदमी को रोजगार के अवसर बढ़ते ही जाने की संभावनाओं से मना नहीं किया जा सकता। हालांकि धन विभाजन तथा मुनाफाखोरी के दृष्टिकोण से इसकी आलोचना की जानी भी गलत नहीं है। क्योंकि अरबपतियों के बढ़ते जाने के बावजूद दुनिया से गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी पर लगाम कसने के जमीनी स्तर के प्रयास नाममात्र हुए हैं।संयुक्त तौर पर एक ट्रिलियन डॉलर वाले सभी भारतीय अरबपतियों का दायित्व है कि वे अपने मुनाफे को बांटने के मार्ग प्रशस्त करने में उदारता दिखाएं ताकि इस संपन्नता से समूचा देश लाभान्वित हो सके।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारीबाग में झामुमो के 46वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए.

# किसानों की मांग में क्या जटिलता

**अजीत द्विवेदी**

पंजाब की सरकार ने पुलिस भेज कर और बुलडोजर व जेसीबी चलवा कर किसानों का आंदोलन समाप्त करा दिया। पंजाब और हरियाणा के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसानों को हिरासत में लिया गया और उनके आंदोलन के लिए बनाए गए मंच और दूसरे निर्माण को तोड़ कर गिरा दिया गया। यह आंदोलन 13 महीने से चल रहा था। एक तरफ केंद्र सरकार किसानों के साथ बातचीत का दिखावा कर रही थी तो दूसरी ओर पंजाब सरकार ने सीधी कार्रवाई करके किसानों का आंदोलन खत्म कराया। सवाल है कि केंद्र सरकार की सात या आठ दौर की किसानों से बातचीत में क्या हो रहा था, जो बातचीत एक कदम आगे नहीं बढ़ रही थी हर बातचीत के बाद एक नई तारीख तय हो रही थी। सोचें, रूस और यूक्रेन के युद्ध जैसे जटिल मसले पर पहली बैठक में युद्धविराम की सहमति बन गई। लेकिन किसानों की मांग में ऐसी क्या जटिलता थी कि अनेक दौर की बातचीत के बाद भी कोई बताने लायक सहमति नहीं बन पा रही थी जाहिर है केंद्र सरकार किसानों को थका देने की रणनीति पर काम कर रही थी और इसके साथ ही आंदोलन को दूसरे समूहों के बीच अलोकप्रिय बनाने का अभियान भी चल रहा था।

किसानों के राष्ट्रीय आंदोलन यानी नवंबर 2020 में दिल्ली की सीमा पर हुए और एक साल तक चले आंदोलन की तुलना जब फरवरी 2024 में पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर हुए आंदोलन से करते हैं तो कई चीजें स्पष्ट होकर सामने आती हैं। इससे जो सबक निकल रहा है वह देश के सभी राज्यों और सभी समूहों के लिए ध्यान देने वाला है। केंद्र सरकार ने पहले आंदोलन से सबक सीखा था और इसलिए उसने वैसे किसी टूल्स का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे किसानों को सहानुभूति मिले। दूसरे उसने देख लिया था कि यह आंदोलन पंजाब और हरियाणा की सीमा पर हो रहा है तो उससे निपटने का जिम्मा भी उसने दोनों राज्यों पर छोड़ दिया। चूंकि



किसानों की मांग केंद्र सरकार से थी तो केंद्र सरकार के मंत्री नियमित अंतराल पर किसानों से बात करते रहे। यानी केंद्र सरकार अच्छी बनी रही। सुप्रीम कोर्ट भी अच्छा बना रहा। क्योंकि वहां भी लगातार सुनवाई होती रही। ऐसा लगता रहा, जैसे सुप्रीम कोर्ट किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की लगातार सुनवाई और कथित फटकार के बावजूद उस मामले में भी सूई की नोक बराबर बदलाव नहीं आया।

इस पूरे प्रकरण में तीन चीजें बहुत स्पष्ट होती दिखीं। पहली चीज है किसान संगठनों का बिखराव। जिस तरह से केंद्र सरकार के बनाए तीन विवादित कानूनों को खत्म कराने के लिए देश भर के किसान संगठन एकजुट हुए और तमाम समूहों के बावजूद संयुक्त किसान मोर्चा की एक कमान में आंदोलन हुआ वह इस बार नहीं दिख रहा था। पहली बार नंवबर 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर आकर विवादित कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया और आंदोलन खत्म हुआ तो किसान समूहों के अंदर सर्वशक्तिशाली सरकार को झुका देने की भावना आ गई। उसके बाद किसान संगठनों में बिखराव शुरू हुआ। विवादित कानूनों को वापस लेते समय ही केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की गारंटी देने का कानून बनाने के लिए समिति बनाने की सहमति दी थी। केंद्र सरकार कई मांगों पर सहमत हो गई थी लेकिन एकजुट रह कर किसान संगठन उन मांगों को पूरा करने का दबाव नहीं बना सके। सबने अपनी डफली अपना राग शुरू कर दिया।

दूसरी चीज यह हुई कि पहले आंदोलन को जो लोकप्रिय समर्थन हासिल हुआ वह दूसरे आंदोलन को नहीं हो सका। इसका एक कारण तो किसान संगठनों का बिखराव था लेकिन दूसरा और बड़ा कारण आम नागरिकों की थकान थी या मोहभंग था। उनको लगा कि किसान बार बार क्यों आंदोलन पर बैठ रहे हैं जब पहली बार आंदोलन किया तभी क्यों नहीं अपनी सारी मांगें मनवा ली थी वैसे भी पुरानी कहावत है कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती है। यह हकीकत है कि देश में भ्रष्टाचार खत्म होने की बजाय बढ़ गया है और लोकपाल कुछ नहीं कर पाया है लेकिन क्या अन्ना हजारे या कोई भी दूसरा व्यक्ति भ्रष्टाचार पर कोई आंदोलन खड़ा कर सकता है नहीं कर सकता है! तभी किसानों ने पंजाब और हरियाणा की सीमा पर दो जगह, जो आंदोलन खड़ा किया उसको लोकप्रिय समर्थन नहीं मिला और उसकी चमक नहीं बनी। केंद्र सरकार ने भी इस आंदोलन को थोड़ी गंभीरता से तभी लिया जब डल्लेवाल ने आमरण अनशन शुरू किया।

तीसरी चीज यह है कि कृषि और किसान से ज्यादा कारोबारियों का दबाव सरकार ने महसूस किया। शंभू और खनौरी बॉर्डर बंद होने से आम लोगों को आने जाने में जो परेशानी हो रही थी वह अपनी जगह थी। लेकिन इससे कारोबार का बड़ा नुकसान हो रहा था। माल ढुलाई के लिए लंबा रास्ता लेना पड़ रहा था, जिससे सामान पहुंचने में ज्यादा समय लग रहा था और कीमत बढ़ रही थी। इससे कारोबारी नाराज थे और सरकार पर दबाव डाल रहे थे तो आम लोगों की भी नाराजगी थी।

# स्टार्टअप्स-भारत की नवाचार क्रांति का सुलगना

**पीयूष गोयल**

प्रयागराज संगम पर महाकुंभ की शानदार सफलता के बाद, अब विकास की तीन धाराओं - नवाचार, रोजगार सृजन और उद्यमिता के संगम का जश्न मनाने का समय आ गया है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास और विरासत की कल्पना को जीवंत और उत्साहपूर्ण भारत के लिए आगे ले जाएगा।

ये तीनों धाराएँ 3 अप्रैल को स्टार्टअप महाकुंभ में समाहित होंगी। प्रयागराज में हुए विस्मयकारी आध्यात्मिक समागम की तरह, स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन भी भव्य और वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक, 500 से अधिक वक्ता और दुनिया भर से 15,000 से अधिक प्रतिनिधि और व्यवसायी शामिल होंगे, जिसमें 50 से अधिक देशों की भागीदारी होगी। यह स्टार्टअप के लिए सहयोग, मार्गदर्शन, धनउपलब्ध कराने और नए बाजारों तक पहुंच का पता लगाने के लिए एक शक्तिशाली मंच होगा। समर्पित विशेषज्ञों की कक्षाएं, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग फ़ोरम के साथ, यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देगा बल्कि उद्यमियों की अगली पीढ़ी को अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित भी करेगा।

साथ ही, इस वर्ष के महाकुंभ में, तीन-स्तरीय निवेशक-नेतृत्व वाली जूरी प्रक्रिया 50 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के साथ भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र द्वारा वित्त पोषित ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज में 150 फाइनलिस्ट का चयन करेगी। नवाचार - चाहे शतरंज का खेल हो या प्राचीन भारत में 'शून्य' की अवधारणा, या आज का यूपीआई, चंद्रयान और मंगलयान, नवाचार हमेशा से ही भारतीय डीएनए का हिस्सा रहा है। स्वस्थ अनुसंधान और विकास के माध्यम से प्राप्त नए विचार, नवीन वस्तुएं और सेवाएं भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के अपने मिशन में आगे बढ़ाएंगी। उपयुक्त रूप से, इस कार्यक्रम का विषय स्टार्टअप इंडिया 2047 है।

प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना - 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब बनाने और देश को रोजगार सृजन करने वाले देश में बदलने का अपना सपना स्पष्ट किया। इसके तुरंत बाद, परिवर्तनकारी स्टार्टअप इंडिया पहलशुरू की गई।

प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल ने युवा ऊर्जा का ऐसा ज़बरदस्त प्रवाह पैदा किया है जो भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को बदल रहा है। पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़कर अब लगभग 1.7 लाख हो गई है। ये उद्यम फिन-टेक, डीप-टेक, एड-टेक, नैनो-टेक, बायो-टेक, स्पेस-टेक, एग्री-टेक और हेल्थ-टेक सहित 55 से अधिक क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जो भारत को प्रमुख प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यमिता के गढ़ के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं।

सरकार स्टार्टअप्स को धन उपलब्ध कराने में सहायता देने के लिए भी सक्रिय रूप से पहल कर रही है। पिछले साल के बजट में हमारी सरकार ने एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया था, इस कदम की नए उद्यमियों ने सराहना की थी। इस साल बजट में 10,000 करोड़ रुपये का नया फंड ऑफ फंड्स शुरू किया गया।

नौकरियां और समाधान - सरकार द्वारा पंजीकृत स्टार्टअप ने 31 जनवरी, 2025 तक 17.69 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की हैं। इसके अलावा, वे वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान कर रहे हैं। गैर-आक्रामक, एआई-संचालित थर्मल इमेजिंग तकनीक के साथ स्तन कैंसर का पता लगाने में क्रांतिकारी बदलाव; किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़कर ग्रामीण व्यापार को सरल बनाना; किफायती और कुशल भुगतान गेटवे समाधान प्रदान करना; कचरे को धन में बदलने वाले प्रभावशाली पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाना; हमारे साइबरस्पेस को सुरक्षित करना चुनौतियों के ऐसे कुछ उदाहरण हैं जिनका हमारे स्टार्टअप द्वारा भारत और दुनिया के लिए समाधान किया गया है।

हमारे स्टार्टअप भी बहुत फुर्तीले और तेज-तर्रार हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, जिन स्टार्टअप ने मजबूत विश्लेषणात्मक समाधान, ड्रोन, दूरसंचार प्लेटफ़ॉर्म आदि विकसित किए थे, उन्होंने संपर्क ट्रेसिंग, क्वारनटाइन निगरानी और वॉर रूम के लिए डैशबोर्ड विकसित करने के लिए इन तकनीकों का लाभ उठाने के लिए तेज़ी से काम किया। पीपीई किट, वेंटिलेटर और सैंपल कलेक्शन उत्पादों और सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण उपकरण बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

उद्यमशीलता संस्कृति - स्टार्टअप इंडिया पहल ने पूरे देश में उद्यमशीलता की मानसिकता को काफी हद तक बदल दिया है। जहाँ एक समय परिवार एक सुरक्षित नौकरी की तलाश में रहते थे, वहीं आज वे अपने युवा परिवार के सदस्यों के उद्यमशीलता के कारनामों को प्रोत्साहित करते हैं और उन पर गर्व करते हैं। यह हमारे ऊर्जावान युवाओं को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। ऐसी ऊर्जा से पैदा हुए उद्यम नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, एक बिलियन डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले भारतीय यूनिकॉर्न की संख्या 2016 से पहले 10 से भी कम थी जो आज बढ़कर 110 से अधिक हो गई है, जिनका सामूहिक मूल्य 385 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।सार्वजनिक खरीद में सहायता - हमारी सरकार ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) में पात्र स्टार्टअप का विशेष प्रावधान किया है। यह प्लेटफ़ॉर्म विक्रेताओं को सरकारी विभागों द्वारा खरीद के लिए पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त पहुँच प्रदान करता है, जिससे उद्यमियों को जटिल प्रक्रियाओं और निहित स्वार्थों से बचने में मदद मिलती है जो इसके लॉन्च से पहले संचालित होते थे।

# आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

वृष राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और अच्छे मनोबल के कारण आप बड़ी उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत रहेंगे। आज घर में संबंधियों के आगमन से खुशनुमा माहौल भी बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर सबका हल निकाल लेंगे। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए है। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक अथवा धार्मिक प्रोग्राम बनायेंगे। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा, मेडिटेशन आदि का सहारा लें। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगायें, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं, किसी भी मामले का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करें। आज आर्थिक मामलो में दोस्तों से मदद मिलेगी। आज आप आखों का खास ख्याल रखें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज आप ध्यान रखें कि नकारात्मक परिस्थिति बने तो धैर्य और शांति रखना ही उचित है। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ कहीं घूमने जायेंगे। आज अधिकतर समय मार्केटिंग तथा बाहरी गतिविधियों को पूरा करने में बीत सकता है।

कन्या राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी तथा किसी काम में सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। जिससे दिन भर की भाग-दौड़ भूल जाएंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। आज आप महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय परिवारवालों की राय अवश्य लें। आज आपको अपने जरुरी दस्तावेज संभाल कर रखने की आवश्यकता है। मां कात्यायनी को नारियल अर्पित करें, रूकें हुए काम पूरें होंगें।

तुला राशि: आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज व्यवसाय में बहुत अधिक फोकस रहना जरूरी है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। नवविवाहित दंपत्ति आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा है, उपहार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं। लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें । आज महत्वपूर्ण तथा उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समयबीतेगा। इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है।

मकर राशि: आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन से आप रुका हुआ काम पूरा कर लेंगे। आज व्यर्थ के खर्चे पर नियंत्रण रखें। छात्रों को आज अच्छी ख़बर मिलने के योग बने हुए है। आज नौकरी कर रहे लोग अपना टारगेट आसानी से पूरा कर लेंगे। आज घर में शांतिपूर्ण माहौल रहेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वला है। आज आप कुछ बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज अचानक धनलाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। कार्यों में आज जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि: आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं। आज व्यवसाय में रोज की अपेक्षा अच्छा लाभ होगा। आज कैश के लेन-देन में सावधानी बरतें। दोस्तों के साथ बाहर जाने का प्लान कैंसल करना पड़ सकता है।आज आपके व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा । मां कात्यायनी को इलायची अर्पित करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

# नीतीश कुमार फिर सीएम की राह पर

**संजय गोस्वामी**

बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए तमाम सियासी दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिहार में इस बार का चुनाव भी मुख्यै तौर पर दो धड़ों के बीच है। एक तरफ सत्तापरूढ़ एन डीए है तो दूसरी तरफ महागठबंधन है। 30मार्च 25 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ एनडीए के बाकी साथियों की मीटिंग हुई। इसमें सभी की आमराय है कि बिहार का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा इससे पहले हाल में ही बिहार में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न को भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करने के कार्यक्रम में बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अब इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को लेकर काफी चर्चा हो रही है नीतीश कुमार वो शख्शियत है जो किसी के कारण नहीं अपने काम के लिए जाने जाते हैं क्योंकि जब लालू यादव की सरकार थी तो सरेआम बिहार में लूटपाट हिंसा, अपहरण, फिरौती, गुंडा गर्दी व किचरों से लहूलुहान सडक, जुआ, रंगदारी इस कदर हावी थी कि किसी और का डर से वोट डालना भी मुश्किल है लेकिन जब 2005 में एनडीए की सरकार आयी तो खराब स्तिथि को सुधारना एक मुश्किल काम था जो बाद में नीतीश कुमार की सरकार ने दिखा दिया कि लूटा हुआ बिहार फिर चमकने लगा अत: बिहार में जद( यू ) अगले विधानसभा चुनाव तक पुरी मजबूती से टिके रहेगी इसका कारण यह है की बिहार का राजनीति समीकरण ऐसा है कि वहाँ मुख्य रूप से तीन पार्टी है जो इस प्रकार है बीजेपी, आरजेडी व जद ( यू ) जब भी कोई दो पार्टी मिलती है तभी सरकार बनती है वहाँ का जातियों का समीकरण ही कुछ इसी तरह का है बीच में लोजपा भी है और जो दो गुटों में है वो भी इधर मजबूत हो रही है और खासकर लोजपा ( रामविलास ) के प्रमुख केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जो किसी का भी खेल बिगाड सकती है क्योंकि वहाँ जीत का मार्जिन बहुत ही कम वोटो के अंतर से होता है और बीजेपी 2015 के विधानसभा में अपने कुछ छोटी छोटी सहयोगी पार्टियों के सहारे केवल 55सीट पर सिमट गई थी और जद ( यू ) व आरजेडी को 71 व 80सीट मिले थे बिहार के मुख्यमंत्री को इतनी आसानी से समझना किसी के बस की बात नहीं है यदि कहीं वो फिर से पाला बदलेंगे तो बीजेपी अपने दम पर सरकार नहीं बना सकती है क्योंकि आज भी मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का अच्छा जनाधार है एक बार जब जद ( यू ) व आरजेडी का गठबंधन बना था तो मैं रिक्शा से रिक्शावाला से पूछा कि क्या भाई आप किस को वोट दे रहें हैं कहा देना तो था लालूजी को लेकिन जब गठबंधन बना है तो जद ( यू ) को ही सब मिलकर वोट करेंगे अत: जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के रूप में हैं तो ऐसे में बीजेपी कोई भी रिस्क लेना नहीं चाहेगी वहाँ अभी भी बाहुबली का राज है तभी तो लोकसभा में जेल से पेरोल पर चुनाव में बुलाया गया और बीजेपी भी जद ( यू ) को तोडने का कोई प्रयास नहीं करेगी क्योंकि अगर उसे तोड दी तो उसी का नुकसान हो सकता है क्योंकि बाहुबली सब आरजेडी या निर्दलीय चुनाव लड कर एक अच्छा वोट बैंक ला सकती है नीतीश कुमार पाला बदलने में माहिर हैं इसलिए इन सब बदलाव पर कुछ बोल नहीं रहें है लेकिन पर्दे के पीछे उन्हें भी पार्टी के बारे में मालूम हो रहा होगा चूंकि केंद्र में बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं है और सरकार एनडीए की है अत: कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहेगी क्योंकि श्री नीतीश कुमार जब सारा विपक्ष को एक कर दी थी ऐ सही बात है कि इंडिया गठबंधन के लोगों ने उन्हें भाव नहीं दिया और पाला बदलकर पुन: एनडीए में शामिल हो गए नीतीश कुमार को जब लगा कहीं जद( यू ) में टूट होकर कहीं पीएम के चक्कर में सीएम की कुर्सी भी तेजस्वी को ना चला जाए तो प्रधानमंत्री मोदीजी के पास अन्य लोगों के माध्यम से लोकसभा चुनाव हेतु लगा कि जद ( यू ) की सीट आरजेडी और कॉंग्रेस व अन्य के साथ गठबंधन से 4 से 5 सीट से ज्यादा नहीं मिलेगा और ऐसे में जद( यू ) का वजूद ना खत्म हो जाए तभी बीजेपी को भी लगा अकेले अधिक सीट मिलना मुश्किल है तो एनडीए में जद( यू ) प्रधान मंत्री श्री मोदीजी के कहने पर ही शामिल हो गई और उसे सम्मानजनक सीट मिला और आरजेडी देखते रह गई और एनडीए ने चिराग और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को मिलकर चुनाव लडे और बिहार के 40सीट में से एनडीए को बिहार में 40 सांसदों के चुनाव में । बीजेपी , 17। जद ( यू ), 16, ।एलजेपी , 6 हम 1सीट,आरएलएम यानि एन डी ए ने कुल 40 सीट पर उम्मीदवार उतारा और जिसमें से बीजेपी , 12 जद ( यू ), 12, ।एलजेपी , 5 और हम 1सीट यानि कुल 30 सीट झटक लिए जिसमें जद यू को 16 में से 12सीट मिला कुछ सीटों पर बहुत टफ फाइट था कुछ मुस्लिम बाहुल्य इलाका है जहाँ जद ( यू ) सीट लेती है अत: नीतीश कुमार जब तक हैं पार्टी आराम से चलेगी क्योंकि बीजेपी में स्व सुशील मोदी जैसा कोई चेहरा नहीं जो सीट ले सके और जनाधार नीतीश कुमार जैसा नहीं है जंगलराज से बिहार को बाहर लाने में जिस तरह नीतीश कुमार ने बिहार को निकाला है वैसे में जद( यू ) के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है अब जब पुल के बारे में एनडीए में बीजेपी कुछ नहीं बोलती है तो कुछ समय बाद उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ के सी त्यागी को भी सोच समझ कर बोलना चाहिए खासकर उससमय जब चुनाव परिणाम के बाद सब की धडकन रूकी थी तभी उनका बयान आता है कि श्री नीतीश कुमार को पीएम पद का ऑफर मिला था और बाद में राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से हटा दिया गए और तभी तेजस्वी यादव उसका मजाक उडाते नजर आते हैं कि ऐसा कोई बयान नहीं आया था ऐसे में पार्टी के अंदर लगता है अनर्थ हो रहा है अब जब श्री ललन सिंह जद यू के कैबिनेट मंत्री बन गए और विपक्ष का संसद में मुँह बन्द कर देते हैं वैसा तालमेल की कमी पार्टी को लगी होगी और फिर अग्निवीर और जातीय जनगणना पर बेबजह बोलने लगते हैं तो विरोधाभास होने लगता है जंगल त्याग खत्म तो बिहार से लगभग खत्म हो गया लेकिन बाहुबली का दबदबा अभी भी बिहार में है जैसे श्री आनंद मोहन जिसके लिए श्री नीतीश कुमार ने उम्र कैद की सजा को जेल मैनुअल बदल कर जेल से निकाले और जद ( यू ) ने उनकी पत्नी लवली आनंद को चुनाव में उतारा और जीत मिली और बीजेपी को भी जब जद यू के नेतृत्व में पुन: सत्ता में 2024 में गठबंधन हुआ तो आनंद मोहन के बेटे चेतन आंनद ने विधानसभा में स्पीकर के विपक्ष में वोट किया और ठाठ से विरोधी दल को दरकिनार कर सत्ता पक्ष में बैठे जबकी वो आरजेडी के विधायक थे ऐ खेल उस समय हुआ जब आनंद मोहन जेल से रिहा होने के बाद लालू जी से मिलने गए और उसने मिलने से मना कर दिया और इधर उनके राज्य सभा के सांसद मनोज झा ने पार्लियामेंट में ठाकुर का कुँआ।

# सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद अचानक लापता हुए ये सितारे, आज तक अनसुलझी है गुमनामी की कहानी



कुछ सितारों की किस्मत चमकती है तो कुछ की जिंदगी रहस्यों के अंधेरे में खो जाती है। आज हम बात करेंगे उन सितारों की, जिन्होंने कभी सिनेमा के पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी, लेकिन फिर अचानक गुमनामी के साए में खो गए।

बॉलीवुड की चमक-दमक वाली दुनिया में हर दिन नई कहानियां बनती हैं और पुरानी कहानियां धूल में दब जाती हैं। यहां सितारे रातों-रात आसमान पर चढ़ते हैं और कभी-कभी उसी तेजी से गायब भी हो जाते हैं। कुछ सितारों की किस्मत चमकती है तो कुछ की जिंदगी रहस्यों के अंधेरे में खो जाती है। आज हम बात करेंगे उन सितारों की, जिन्होंने कभी सिनेमा के पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी, लेकिन फिर अचानक गुमनामी के साए में खो गए। उनके बारे में न परिवार को कुछ पता है, न फैंस को।

**राज किरण**

80 के दशक में राज किरण बॉलीवुड के एक चमकते सितारे थे। 'कर्ज', 'तेरी मेहरबानियां', 'घर हो तो ऐसा' और 'बुलंदी' जैसी फिल्मों में उनकी मौजूदगी दर्शकों को खींचती थी। उनका हैंडसम लुक और सादगी भरा अभिनय उन्हें इंडस्ट्री में अलग पहचान देता था, लेकिन 90 के दशक आते-आते उनका करियर ढलान पर चला गया। काम कम होने लगा और फिर एक दिन वो अचानक गायब हो गए। साल 1994 के बाद उन्हें किसी ने नहीं देखा।

उनके गायब होने की वजह को लेकर भी कई तरह की कहानियां हैं। कुछ का कहना है कि पारिवारिक और आर्थिक परेशानियों ने उन्हें डिप्रेशन में धकेल दिया। एक वक्त ऐसा आया कि उनके परिवार ने भी उनका साथ छोड़ दिया। 2011 में ऋषि कपूर ने खबर दी कि राज किरण अमेरिका के अटलांटा में एक मेंटल असाइलम में हैं। वहीं, उनकी को-स्टार दीप्ति नवल ने दावा किया कि उन्होंने राज को अमेरिका में टैक्सी चलाते देखा था, लेकिन इन बातों की सच्चाई कभी सामने नहीं आई। उनकी बेटी रिशिका ने कहा कि उनके पिता बेहद निजी इंसान थे और परिवार को सुर्खियों से दूर रखते थे। हाल ही में सोमी अली ने कहा कि उन्होंने ऋषि कपूर से वादा किया था कि वह यह जानकर रहेंगी कि राज किरन कहा हैं और उनका पता लगाने के लिए सोमी हर मुमकिन कोशिश कर चुकी हैं, लेकिन अब तक बस मायूसी ही हाथ लगी। आज 30 साल बाद भी ये सवाल अनसुलझा है कि राज किरण कहां हैं- जिंदा हैं या नहीं?

**विशाल ठक्कर**

विशाल ठक्कर का नाम सुनते ही 'मुन्ना भाई एमबीबीएस का वो छोटा-सा किरदार याद आता है, जिसने अपनी मासूमियत से सबका ध्यान खींचा था। 'चांदनी बार' और 'टैंगो चार्ली' जैसी फिल्मों में भी वह नजर आए। विशाल का करियर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था, लेकिन 31 दिसंबर 2016 की रात उनकी जिंदगी का आखिरी चैप्टर बन गई। उस रात वो अपनी मां से 500 रुपये लेकर फिल्म देखने गए। रात एक बजे उन्होंने पिता को मैसेज किया कि वो दोस्तों के साथ पार्टी करने जा रहे हैं। इसके बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया और वो कभी लौटकर नहीं आए।

पुलिस ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। कुछ का मानना है कि पार्टी में कुछ गलत हुआ होगा, पर सच क्या है, ये आज तक रहस्य ही है। विशाल की मां आज भी अपने बेटे के लौटने की उम्मीद में जी रही हैं। एक उभरता सितारा, जिसके पास सपने थे, अचानक गायब हो गया।

# कपिल शर्मा से रिश्ता खराब नहीं हुआ है : सुमोना



मुंबई (ए.)। मशहूर कॉमडियन कपिल शर्मा ने अपने नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ वापसी की, तो सुमोना चक्रवर्ती की गैरमौजूदगी हर किसी को खलने लगी। फैंस यह जानने को उत्सुक थे कि क्या उनके और कपिल के बीच कोई अनबन हो गई है?

अब इन सवालों का जवाब खुद सुमोना चक्रवर्ती ने दिया है। एक इंटरव्यू में सुमोना ने बताया कि उन्होंने अभी तक कपिल का नया शो देखा भी नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि उनका और कपिल शर्मा का रिश्ता खराब नहीं हुआ है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने 10 साल तक अलग-अलग चैनलों पर साथ काम किया, जो कई शादियों से ज्यादा लंबा सफर है। सुमोना ने बताया कि हर साल जून-जुलाई में शो का ब्रेक आता था और फिर नया सीजन शुरू होता था। 2023 में जब सोनी टीवी पर आखिरी सीजन खत्म हुआ, तो कपिल यूएस टूर पर चले गए। इसके बाद अचानक खबर आई कि कपिल नेटफ्लिक्स पर नए शो के साथ वापस आ रहे हैं। लेकिन इस बारे में कपिल और सुमोना के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। सुमोना ने कहा कि उन्होंने कपिल से इस बारे में कोई चर्चा नहीं की और न ही कपिल की ओर से उन्हें कोई कॉल आया।

उन्होंने साफ कर दिया कि कपिल शर्मा से उनकी निजी दोस्ती नहीं है, बल्कि उनका रिश्ता सिर्फ काम तक सीमित था। उन्होंने यह भी कहा कि वह शो को मिस नहीं कर रही हैं और इस समय अपने करियर में नए प्रोजेक्ट्स पर ध्यान दे रही हैं। कपिल शर्मा के शो पर अक्सर महिलाओं के मजाक उड़ाने के आरोप लगते रहे हैं। इस पर सुमोना ने खुलकर प्रतिक्रिया दी और कहा कि लोग रियल और रील लाइफ में फर्क नहीं समझते। उन्होंने कहा कि यह एक स्क्रिप्टेड शो है, जहां कपिल, सुमोना को नहीं, बल्कि 'बिट्टू' अपनी पत्नी 'मंजू' को कुछ कह रहा होता है।

# 'भाबी जी घर पर हैं' के राइटर को शुभांगी ने किया याद, मनोज संतोषी को लेकर क्या बोलीं अभिनेत्री



हाल ही में शुभांगी आत्रे एक मुंबई इवेंट में शामिल हुईं। इस मौके पर उनके साथ सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' की को-एक्ट्रेस सौम्या टंडन भी नजर आईं। सौम्या अब इस सीरियल का हिस्सा नहीं हैं। इस मौके पर शुभांगी और सौम्या टंडन ने अपने सीरियल के राइटर मनोज संतोषी के बारे में बात की। कुछ दिन पहले ही लीवर की बीमारी के कारण उनका निधन हुआ। क्या बोलीं दोनों अभिनेत्रियां दिवंगत मनोज संतोषी के बारे में जानिए।

**मनोज संतोषी ने लिखे शानदार किरदार**

शुभांगी आत्रे कहती हैं, 'मनोज संतोषी ने 'भाबी जी घर पर हैं ' का एक-एक किरदार बहुत ही दिल से लिखा था। उनका लिखा हर किरदार खूब मशहूर हुआ। उनके जाने से हम लोग तो जैसे बिखर से गए हैं। हम हमेशा उन्हें याद करेंगे।'

**सौम्या टंडन भी हुईं भावुक**

शुभांगी आत्रे के साथ सौम्या टंडन भी मुंबई के एक इवेंट में नजर आईं। सौम्या भी मनोज संतोषी को याद कर भावुक हो गईं। वह कहती हैं, 'मनोज संतोषी मेरे सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं ' के राइटर ही नहीं थे, वह मेरे अच्छे दोस्त भी थे। मेरे घर पर जब भी महफिल लगती तो वह भी शामिल होते, हम गीत-संगीत के जरिए एक-दूसरे का भरपूर मनोरंजन करते, सभी टैलेंटेड लोग इस महफिल में शामिल होते थे। मनोज संतोषी ने मुझे कहा था कि जल्द ठीक होकर फिर से महफिल जमाएं। लेकिन अचानक उनके निधन की खबर मिली। उनके जाने का बहुत दुख है।'

**मनोज संतोषी के लिखे सीरियल**

मनोज संतोषी ने टीवी पर 'भाबी जी घर पर हैं' के अलावा 'हप्पू की पलटन', 'जीजा जी छत पर हैं', 'मैडम मे आई कम इन' और 'एफआईआर' जैसे कॉमेडी सीरियल लिखे। इन सभी सीरियल और किरदारों को खूब पसंद किया गया।

# मंदाना और गौरव गुप्ता के बीच रिश्ते का हो गया अंत

मुंबई (ए.)। धर्म की दीवार को लांघकर शादी करने के बाद भी एक्ट्रेस मंदाना करीमी को दर्द का सामना करना पड़ा। मंदाना करीमी ने फिल्मों और रियालिटी शोज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वह बिग बॉस और कंगना रनौत के रियालिटी शो लॉक अप का हिस्सा भी रह चुकी हैं।

हालांकि अब मंदाना एक्टिंग की दुनिया से दूर हो चुकी हैं, उन्होंने अपने पति से तलाक ले लिया है और खुद का बिजनेस शुरू किया है। मंदाना ने फिल्मी दुनिया में ज्यादा काम नहीं किया, लेकिन उन्हें पहचान जरूर मिली है। उन्होंने भाग जॉनी, मैं और चार्ल्स, और क्या कूल हैं हम 3 जैसी फिल्मों में काम किया है और कुछ रियालिटी शोज का हिस्सा भी बनीं। मंदाना एक मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उन्होंने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। 2017 में, मंदाना ने बिजनेसमैन गौरव गुप्ता से शादी की, जो एक चौंकाने वाला कदम था। वह हिंदू रीति-रिवाजों से गौरव से शादी करने वाली पहली मुस्लिम अभिनेत्री बनीं। हालांकि शादी के केवल छह महीने बाद दोनों के बीच रिश्ते में तनाव आ गया। मंदाना ने अपने पति



और ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया, और दोनों के बीच रिश्ते का अंत हो गया। मंदाना ने शादी के बाद बताया कि उनके ससुराल वाले उन्हें धर्म बदलने के लिए दबाव बना रहे थे, और शादी के बाद उनका जीवन कठिन हो गया। उनका दावा था कि ससुराल वालों ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। मंदाना ने अपने पति से 10 लाख रुपये महीने मेंटेनेंस और 2 करोड़ रुपये के गुजारे भत्ते की मांग की थी। इसके बाद मंदाना ने एक डायरेक्टर से अपनी जिंदगी की अगली शुरुआत करने का प्रयास किया, लेकिन यहां भी उन्हें कठिनाई मिली। जब मंदाना ने डायरेक्टर को बताया कि वह प्रेग्नेंट हैं, तो उसने इसे मानने से इनकार कर दिया। डायरेक्टर ने मंदाना पर अबॉर्शन करने का दबाव डाला, और अंततः मंदाना को अबॉर्शन कराना पड़ा क्योंकि डायरेक्टर बच्चे की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं था। हालांकि मंदाना करीमी के जीवन में रिश्तों की परेशानियों का सिलसिला लगातार जारी रहा, वह अब अपनी जिंदगी को नए तरीके से जी रही हैं और बिजनेस में सफलता की ओर बढ़ रही हैं। बता दें कि कई बॉलीवुड कलाकारों ने धर्म की दीवार को लांघकर अपने प्यार को अपनाया है।

# भूतनी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में नजर आई मौनी रॉय, हुई ट्रोल

मुंबई (ए.)। हाल ही में मशहूर एक्ट्रेस मौनी रॉय अपनी फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में नजर आईं, जहां उनके लुक ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। इस बार उन्हें उनके बदले हुए लुक के लिए ट्रोल किया गया।

मौनी ने इवेंट में ग्रे कलर की खूबसूरत साड़ी पहनी थी, जिसमें खुले बाल और हल्के मेकअप के साथ उन्होंने अपना लुक पूरा किया। हालांकि, उनके लुक से ज्यादा उनके चेहरे में आए बदलाव ने लोगों का ध्यान खींचा। इवेंट के दौरान मौनी ना तो पूरी तरह से मुस्कुरा पा रही थीं, और न ही उनकी आंखों की पलकें ठीक से हिल रही थीं। इस बदलाव के चलते फैंस यह कयास लगाने लगे कि क्या मौनी ने हाल ही में सर्जरी करवाई है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने कमेंट करते हुए लिखा, पूरा चेहरा ही बिगाड़ लिया, जबकि एक अन्य यूजर ने कहा, चेहरे की प्लास्टिक पिघलती जा रही है। कुछ और यूजर्स ने यह भी अनुमान जताया कि यह शायद कॉस्मेटिक सर्जरी का खराब परिणाम हो सकता है। एक यूजर ने तो यह तक लिख दिया, अब पता चलेगा कि नेचुरल ब्यूटी क्या होती है।

हालांकि, इस ट्रोलिंग के बावजूद, मौनी रॉय अपनी आगामी फिल्म भूतनी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसमें उनके साथ संजय दत्त भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बता दें कि टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की




मशहूर एक्ट्रेस मौनी रॉय अपनी खूबसूरती और फैशन सेंस को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनके हर नए लुक्स को लेकर फैंस में हमेशा उत्सुकता रहती है।

# क्या है फेस पुल एक्सरसाइज और इसे कैसे करें?



फेस पुल एक्सरसाइज आपके कंधों और पीठ के ऊपरी हिस्से को मजबूत बनाने में मदद करती है। इसे करने के लिए आपको एक रस्सी या बैंड की जरूरत होती है, जिसे आप अपने सिर के ऊपर से खींचते हैं।

यह कसरत न केवल आपके कंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि आपकी मुद्रा को भी सुधारती है और पीठ के निचले हिस्से पर दबाव कम करती है।

आइए फेस पुल से जुड़ी अहम बातें जानते हैं।

फेस पुल एक्सरसाइज करने का तरीका

फेस पुल एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले एक रस्सी या बैंड को अपने सिर के ऊपर से बांधें। अब दोनों हाथों से रस्सी को पकड़ें और धीरे-धीरे इसे अपने चेहरे की ओर खींचें। जब आपकी हथेलियां आपके चेहरे के पास आएं तो थोड़ी देर रुके और फिर वापस शुरू की स्थिति में आ जाएं। इस प्रक्रिया को कई बार दोहराएं। ध्यान रखें कि आपके कंधे पीछे की ओर खिंचे हुए होने चाहिए और पीठ सीधी रखनी चाहिए।

### नियमित रूप से फेस पुल एक्सरसाइज करने के फायदे

फेस पुल एक्सरसाइज नियमित रूप से करने से कई फायदे मिल सकते हैं। इससे आपके कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं और पीठ की मांसपेशियों पर दबाव कम होता है।इसके अलावा यह कसरत आपकी मुद्रा को सुधारती है और गर्दन के दर्द को कम करने में भी मदद करती है।

इससे आपके कंधों और पीठ की लचीलापन बढ़ती है, जिससे चोट लगने का खतरा कम होता है।

### एक्सरसाइज करते समय रखी जाने वाली सावधानियां

फेस पुल एक्सरसाइज करते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।

अगर आपको पहले से ही कंधे या पीठ में दर्द हो रहा हो तो इस कसरत को न करें।इसके अलावा कभी भी ज्यादा वजन उठाने की कोशिश न करें क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है।

सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की चोट से बचा जा सके और अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

### अन्य कसरत के साथ फेस पुल कैसे शामिल करें?

फेस पुल एक्सरसाइज को अन्य कसरत के साथ मिलाकर करना सबसे अच्छा तरीका है, जिससे आपको सम्पूर्ण लाभ मिल सके।आप इसे डेडलिफ्ट, स्क्वाट और बेंच प्रेस जैसी खास कसरत के साथ जोड़ सकते हैं ताकि आपके पूरे शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहें।

# पहली बार मेकअप किट खरीदने जा रही हैं तो इन 5 बातों पर जरूर दें ध्यान

मेकअप किट हर महिला की खूबसूरती को निखारने में मदद करती है। पहली बार मेकअप किट खरीदते समय कई सवाल और उलझनें होती हैं।इस लेख में हम आपको कुछ जरूरी टिप्स देंगे, ताकि आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान हो सके।सही सामान का चयन कैसे करें, बजट कैसे तय करें और किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए, इन सभी सवालों के जवाब जानने के लिए आगे पढ़ें।

### सही सामान का चयन करें

पहली बार मेकअप किट खरीदते समय सबसे अहम कदम सही सामान का चयन करना है। अपने त्वचा के प्रकार और रंग के अनुसार सामान चुनें। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो बिना तेल वाले फाउंडेशन और पाउडर लें। सूखी त्वचा वालों के लिए क्रीम वाले प्रोडक्ट्स बेहतर होते हैं।इसके अलावा अगर आपकी त्वचा पर दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर और फाउंडेशन का सही रंग चुनें, जो आपके रंग से मेल खाता हो।

### बजट तय करें

मेकअप किट खरीदते समय बजट तय करना बहुत जरूरी होता है। इससे आपको अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीदने में आसानी




होगी और बिना वजह के खर्च से बच सकेंगी।

पहले से ही तय करें कि आपको कितने पैसे खर्च करने हैं और उसी अनुसार खरीदारी करें। इससे आपकी पहली मेकअप किट खरीदारी आसान और व्यवस्थित होगी।

इसके अलावा आप अपने बजट में रहते हुए अच्छे गुणवत्ता वाले सामान चुन सकती हैं, जो आपकी त्वचा के लिए सही हों।

### बेस मेकअप सामान पर ध्यान दें

बेस मेकअप सामान जैसे फाउंडेशन, कंसीलर, प्राइमर और पाउडर पर खास ध्यान दें।फाउंडेशन आपकी त्वचा के रंग से मेल खाना चाहिए ताकि आपका चेहरा एकसार लगे। कंसीलर का उपयोग आंखों के नीचे के काले घेरे और दाग-धब्बों को छिपाने के लिए किया जाता है।

प्राइमर त्वचा को मुलायम बनाता है और पाउडर मेकअप को टिकाऊ बनाने में मदद करता है। इन सभी बेस सामान का सही चयन आपके मेकअप लुक को शानदार बना सकता है।

### आंखों और होंठों का ध्यान रखें

आंखों और होंठों का मेकअप भी बहुत अहम होता है।

इसके लिए आईलाइनर, मस्कारा, आईशैडो और लिपस्टिक जरूर शामिल करें। आईलाइनर आपकी आंखों को गहरा दिखाता है जबकि मस्कारा पलकों को घना बनाता है।

आईशैडो से आपकी आंखों की खूबसूरती बढ़ती है। लिपस्टिक आपके होंठों को रंग देती है और आपके पूरे लुक को पूरा करती है।

इन सभी चीजों का सही उपयोग करके आप अपने मेकअप लुक को और भी आकर्षक बना सकती हैं।

### मेकअप ब्रश और लगाने वाले उपकरण लेना न भूलें

अच्छा मेकअप करने के लिए सही उपकरण होना बहुत जरूरी है इसलिए मेकअप ब्रश और लगाने वाले उपकरण लेना न भूलें।

# एसीसी के नये अध्यक्ष बने पीसीबी प्रमुख नकवी




दुबई (ए)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के नये अध्यक्ष बने हैं। नकवी श्रीलंका के शम्मी सिल्वा की जगह लेंगे। एसीसी अध्यक्ष पद सभी सदस्य देशों के बोर्ड प्रमुखों को मिलता रहता है। अब तक इस पद पर श्रीलंकाई बोर्ड के प्रमुख सिल्वा थे। नकवी साल 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। नकवी की अब पहली जिम्मेदारी एशिया कप के आयोजन की होगी। एशिया कप सितंबर में टी20 प्रारूप में ही खेला जाएगा। इसके आयोजन स्थल की घोषणा अभी होनी है। नकवी ने एसीसी अध्यक्ष बनने पर सभी का आभार जताते हुए कहा कि मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। नकवी ने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में तेजी से विकास के लिए मिलकर काम करना रहेगा। उन्होंने कहा कि मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्ड के साथ काम करने को प्रतिबद्ध हूं। इस दौरान मेरा प्रयास सभी के साथ मिलकर नए अवसरों को खोजना रहेगा। साथ ही कहा कि हम आपसी सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। नकवी ने कहा कि मैं निवर्तमान एसीसी अध्यक्ष को भी उनके योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं।

# सोशल मीडिया में छायी केकेआर की प्रशंसक

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में खेले जा रहे मुकाबलों में प्रशंसक भी चर्चाओं में रहते हैं। इसी कड़ी में अब कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की जर्सी पहने एक खूबसूरत



महिला प्रशंसक भी सबके आकर्षण का केन्द्र बनी हैं। ये प्रशंसक सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही है। इस मैच में केकेआर की सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के दौरान प्रशंसक बेहद उत्साहित दिखे। इसी दौरान केकेआर की ये प्रशंसक सोशल मीडिया पर छायी रही। अब इस युवती को लेकर लोग सोशल मीडिया पर चर्चाओं में लगे हैं। उसे देखकर कई प्रशंसक तो दिवाने हो गये हैं और वीडियो और तस्वीर साझा कर उसके बारे में पूछ रहे हैं। इसी कड़ी कें एक प्रशंसक ने सोशल मीडिया में इस लड़की की दो तस्वीरें पोस्ट कर पूछा है कि ये कौन है? वहीं एक अन्य ने इसका वीडियो साझा कर लिखा, ये लड़की तो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की प्रशंसक से भी ज्यादा खूबसूरत है।

# सनराइजर्स पर भारी पड़े नाइटराइडर्स, लगातार 5वीं जीत के साथ बनाया बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली,(ए)। आईपीएल 2025 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 80 रनों से हरा दिया। सनराइजर्स पर केकेआर की यह लगातार पांचवीं जीत है। पिछले सीजन (2024) के फाइनल मुकाबले में भी केकेआर के हाथों सनराइजर्स हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इतिहास में सनराइजर्स का प्रदर्शन केकेआर के सामने फीका ही रहा है।

गुरुवार को ईडन गार्डन में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का साधारण सा प्रदर्शन इसका सटीक उदाहरण है। केकेआर ने हैदराबाद के सामने 80 रन की जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आईपीएल के इतिहास में केकेआर दिल्ली कैपिटल्स के बाद दूसरी ऐसी टीम बन गई है जिसने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांचवीं जीत हासिल की है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने 2020-23 के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांच जीत हासिल की थी। केकेआर ने 2023-25 के दौरान लगातार पांच जीत हासिल की है। 2018 में सीएसके ने हैदराबाद को चार बार लगातार हराया था। वहीं, 2020-21 के दौरान केकेआर ने हैदराबाद पर लगातार चार बार जीत दर्ज की थी।

यह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल में केकेआर की 20वीं जीत थी। इसके साथ ही नाइट राइडर्स आईपीएल के इतिहास में पहली ऐसी टीम भी बन गए हैं जिन्होंने विपक्षी तीन टीमों को 20 या उससे अधिक बार हराया है। केकेआर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद को 20 बार हराया है। वहीं, पंजाब किंग्स को केकेआर ने 21 बार आईपीएल के इतिहास में मात दी है।

# 75 लाख के खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए कैंसिल किया अपना हनीमून, अब डेब्यू मैच में रचा इतिहास



कोलकाता, (ए)। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, अपने आईपीएल डेब्यू मैच में सनराइजर्स के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस ने इतिहास रच दिया. वह आईपीएल इतिहास में एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले और विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए. केकेआर की पारी के 13वें ओवर में कामिंदु मेंडिस ने 3 गेंद लेफ्ट आर्म स्पिन फेंकी. वहीं, 3 गेंद राइट आर्म ऑफ स्पिन फेंकी. इस ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने अंगकृष रघुवंशी को हर्षल पटेल के हाथों कैच आउट कराकर अपना पहला विकेट लिया. इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में विकेट लेने वाले पहले उभयलिंगी (लेफ्ट और राइट दोनों हाथों से गेंदबाजी) गेंदबाज भी बन गए. कामिंदु मेंडिस एक प्रतिभाशाली युवा श्रीलंकाई क्रिकेटर हैं, जो न केवल अपने हरफनमौला खेल के लिए जाने जाते हैं, बल्कि एक दुर्लभ और उल्लेखनीय कौशल - उभयलिंगी गेंदबाजी भी करते हैं. मेंडिस ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्रिकेट में प्रभावित किया है. वह चल रहे आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं।

# कमिंस ने हार के लिए खराब फीलि्डंग को जिम्मेदार बताया



कोलकाता (ए)। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस इस बार आईपीएम में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन से निराश हैं। सनराइजर्स टीम को कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में भी हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में कमिंस की चिन्ताएं भी बढ़ गयीं। टीम की लगातार तीसरी हार के बाद कमिंस ने कहा कि हमारा समय ठीक नहीं चल रहा। विकेट अच्छा था पर टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी भी उम्मीद के अनुसार नहीं रही। साथ ही कहा कि हमारी फील्डिंग भी कमजोर रही जिससे भी टीम को नुकसान हुआ। अब हमें हालातों के अनुसार खेलना होगा। इसके साथ ही ये भी देखना होगा कि पिछले मैचों में हमने कहां गलतियां की हैं। हमारे बल्लेबाज काफी अच्छे हैं, पर हमें सही विकल्प रखने होंगे। पीछे मुड़कर देखें तो शायद हम अलग विकल्प चुन उन्होंने कहा कि हार के लिए हमारी कमजोर फील्डिंग सबसे ज्यादा जिम्मेदार थी हमने कई कैच छोड़े जिससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। हमारी गेंदबाजी तकरीबन ठीक थी।

# आईपीएल 2025 : वेंकटेश अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन

नईदिल्ली, (ए)। पूर्व इंग्लैंड कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर की 60 रन की धमाकेदार पारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की बड़ी जीत में अहम रही और यह पारी आईपीएल 2025 में उनके लिए एक नया मोड़ ला सकती है। पहले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद यह पारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है।

वेंकटेश अय्यर को इस बार की नीलामी में कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपये में फिर से खरीदा था। लेकिन शुरुआती दो मैचों में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 6 और 3 रन ही बना सके थे। फिर हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 29 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

मॉर्गन ने कहा, हमने कई बार देखा है कि जब खिलाड़ियों पर बड़ी कीमत का दबाव होता है, तो वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। लेकिन वेंकटेश की यह पारी दिखाती है कि शायद अब उनका सीजन सही रास्ते पर आ जाए और कोलकाता की बल्लेबाजी को मजबूती मिले।

इसके साथ ही मॉर्गन ने अजिंक्य रहाणे की शांत और सोच-समझकर की गई कप्तानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, रहाणे शानदार थे। मैदान पर फैसले लेते समय भावनाओं को एक तरफ रखना एक अच्छे कप्तान की पहचान होती है, और उन्होंने ऐसा ही किया। जब शुरुआती विकेट मिले, तो उन्होंने सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिससे मैच को अपने पक्ष में कर लिया।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला

## दोपहर 3:30 बजे से होगा मुकाबला

चेन्नई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को चेन्नई सुपर (सीएसके) अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में जीत के लिए हालांकि सीएसके के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। यहां की पिच स्पिनर की सहायक रही है, ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम रहेगी। दोनो ही टीमों के पास अच्छे स्पिनर हैं। दिल्ली के स्पिनर कुलदीप यादव और चेन्नई सुपर किंग्स के पास अनुभवी आर अश्विन हैं। बीच के ओवरों में इन दोनों ही स्पिनरों पर काफी कुल निर्भर करेगा। वहीं अगर बल्लेबाजी की बात करें तो दिल्ली कैपिटल्स के पास फाफ डु प्लेसी, केएल राहुल, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम और कप्तानी अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी हैं।

वहीं दूसरी ओर सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे पर आधारित रहेगी। अनुभवी बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी इस मैच में भी निचले क्रम पर ही उतरेंगे क्योंकि हाल में टीम के कोच ने कहा था कि वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते।




ऐसे में शिवम और जडेजा को तेजी से रन बनाने होंगे। टीम के सलामी बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी अब तक तेज गेंदबाजों के सामने सहज नहीं दिखे। पारी की शुरुआत में वह भी वह विफल रहे। दिल्ली की टीम को अनुभवी फाफ डु प्लेसी से लाभ मिल सकता है। इसके अलावा टीम के पास जैक-फ्रेजर मैकगर्क, ट्रिस्टन स्टब्स और अभिषेक पोरेल जैसे बल्लेबाज भी हैं।

इस मैच में सीएसके के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन भी अंतर पैदा कर सकते हैं। वह हालांकि अभी तक उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रवींद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुडा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस। गोपाल, वंश बेदी, आंद्रे सिद्दार्थ।

दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।



# ना खाना, ना पानी, तुर्की में 30 घंटे से फंसी मुंबई जा रही फ्लाइट; 275 यात्रियों के लिए सिर्फ एक शौचालय

बैंकॉक (आरएनएस)। लंदन से मुंबई जा रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण तुर्की के दियारबकीर एयरपोर्ट पर 30 घंटे से अधिक समय से फंसी हुई है, जिसमें 260 से अधिक यात्री सवार हैं। एयरलाइन ने इसे हार्ड लैंडिंग बताया, जिसके बाद विमान को



उड़ान के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। जहाँ चालक दल को होटल में भेज दिया गया, वहीं यात्री एयरपोर्ट के प्रतिबंधित ट्रांजिट एरिया में रुके हुए हैं, जहाँ बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यात्रियों ने आरोप लगाया कि एयरलाइन ने भोजन, शौचालय, चार्जिंग पॉइंट जैसी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराईं। आप नेता प्रीति शर्मा-मेनन ने एक्स पर लिखा कि 275 यात्रियों के लिए सिर्फ एक शौचालय है, कोई प्रतिनिधि संपर्क में नहीं है, फोन चार्जिंग की सुविधा भी नहीं है। तुर्की में भारतीय दूतावास ने कहा कि वे वर्जिन अटलांटिक और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। कुछ यात्रियों को नजदीकी होटल में शिफ्ट किया गया है और बैकअप फ्लाइट सुबह 9 बजे तक तैयार होने की उम्मीद है। फंसे यात्रियों में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और बीमार लोग भी शामिल हैं, जिनकी स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।

# अमेरिका और इजरायल के डबल अटैक से डरा ईरान, अपने सैन्य कमांडरों को यमन से वापस बुलाया

## लड़ाई में ईरान ने छोड़ हूती विद्रोहियों का साथ

सना (ए)। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच ईरान ने यमन के हूती विद्रोहियों को बड़ा झटका दे दिया है। ईरानी सरकार ने अपने सैन्य कमांडरों से कहा है कि वे तुरंत यमन को छोड़ दें। बताया जा रहा है कि अमेरिका और इजरायली हमलों के खौफ से ईरान ने यह कदम उठाया है। इससे हूती विद्रोही अब अकेले पड़ते दिख रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। वहीं अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ भीषण हमले तेज कर दिए हैं और इसमें उसके परमाणु बॉम्बर बी-2 भी हिस्सा लेने लगे हैं। एक ईरानी अधिकारी ने सीधे अमेरिका से भिड़ने से बचने के लिए ईरानी सरकार ने अपने सैनिकों को वापस आने के लिए कहा है।

बताया जा रहा है कि अमेरिका के इन हमलों में ईरान के एक सैनिक की भी मौत हो गई है। ईरान अपने प्रॉक्सी संगठनों हमास, हूती और हिज्बुल्लाह से सपोर्ट कम कर रहा है, ताकि उसकी सीधी लड़ाई अमेरिका से न हो। ईरानी अधिकारी ने बताया कि ईरान की हर बैठक में ट्रंप पर ही चर्चा होती है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ अपने दबाव को बढ़ा दिया है। ट्रंप लगातार ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम और हूतियों को दिए जाने वाले सपोर्ट को बंद करने के लिए कह रहे हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने अपने दो परमाणु एयरक्राफ्ट कैरियर को ईरान के पास तैनात किया है। इसके अलावा बड़े पैमाने पर बी-2 बॉम्बर को डिएगो गार्सिया में तैनात किया है। ईरानी सूत्रों का कहना है कि अमेरिका अगर लगातार बमबारी करता रहा तब हूती विद्रोही इसके आगे ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाएंगे। ईरानी सूत्र ने कहा कि हूती अपने आखिरी महीनों या दिन में चल




रहे हैं। अमेरिका करीब हर दिन यमन में विद्रोहियों के ठिकाने पर हमला कर रहा है। हूती विद्रोहियों की ओर से मृतकों के संबंध में जारी आंकड़ों के मुताबिक ट्रंप के कार्यकाल के दौरान करीब 67 लोग मारे गए हैं। हालांकि, अभी तक अभियान और उसके लक्ष्यों के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन 'वाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने हमलों की कुल संख्या 200 से अधिक बताई है। लेविट ने कहा, 'इन हमलों के परिणामस्वरूप ईरान अविश्वसनीय रूप से कमजोर हो गया है और हमने देखा है कि उन्होंने हूती नेताओं को मार गिराया है।' हालांकि, हूती विद्रोहियों ने अभी तक अपने किसी भी नेता की मौत की बात स्वीकार नहीं की है, उधर अमेरिका ने भी किसी भी मारे गए विद्रोही नेता का नाम उजागर नहीं किया है।

# पत्नी ने संबंध बनाने से किया मना तो बेटे को जंगल में छोड़ आया पिता, ड्रग्स के नशे में था आरोपी; ऐसे पकड़ा गया

बैंकॉक (आरएनएस)। थाईलैंड से एक हैरान और परेशान करने वाली खबर सामने आई है, जहां एक पिता ने कथित तौर पर इसलिए अपने नवजात बच्चे को जंगल में छोड़ दिया क्योंकि पत्नी ने बच्चे के जन्म के बाद शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। आरोपी पिता ने बच्चे को जंगल में जमीन पर लिटाकर उसकी तस्वीर भी पत्नी को भेजी। मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने थाईलैंड के स्थानीय चैनल के हवाले से रिपोर्ट दी है कि 21 वर्षीय वुट्टीचाई नामक शख्स अपने महज दो हफ्ते के बेटे को लेकर जंगल गया। वहां उसने बच्चे को जमीन पर रखा, उसकी तस्वीर खींची और अपनी 22 वर्षीय पत्नी ओराथाई को भेज दी, जो उस समय अपने दोस्त के घर पर थीं। तस्वीर देखकर घबराई ओराथाई ने फौरन गांव के मुखिया को इस घटना की जानकारी दी। हालांकि, बताया जा रहा है कि तनाव बढ़ता देख वुट्टीचाई बाद में बच्चे को वापस घर ले आया था।

ओराथाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसका पति वुट्टीचाई ड्रग्स का आदी है, जुआ खेलता है और उसके साथ मारपीट भी करता है। उसने बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद जब उसने शारीरिक संबंध बनाने से मना किया, तो पति नाराज हो गया और इसी बात पर उनके बीच झगड़ा चल रहा था।

वहीं, आरोपी वुट्टीचाई ने बच्चे को जंगल में छोड़ने के आरोप से इनकार किया है। उसका कहना है कि वह बच्चे को सिर्फ फोटो खींचने के लिए वहां ले गया था और उसे छोड़ने का उसका कोई इरादा नहीं था। हालांकि, उसने यह स्वीकार किया कि उसने पत्नी से कई बार संबंध बनाने की इच्छा जताई थी। जब पुलिस ने वुट्टीचाई का यूरिन टेस्ट किया, तो उसमें ड्रग्स लेने की पुष्टि हुई। पुलिस ने वुट्टीचाई को ड्रग्स से संबंधित आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे जांच की जा रही है। इस घटना की खबर फैलने के बाद सोशल मीडिया पर लोग आरोपी पिता की जमकर आलोचना कर रहे हैं।

# डोनाल्ड ने भारत को टैरिफ में दी राहत, कुल 16 देशों को छूट; चीन पर सख्ती बरकरार

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषित किए गए 57 देशों पर टैरिफ के अपने फैसले में आंशिक बदलाव करते हुए भारत सहित 16 देशों को मामूली राहत दी है। ट्रंप ने भारत पर लगाए गए 27 प्रतिशत के रेसिप्रोकल टैरिफ को घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया है। यह बदलाव तब आया जब व्हाइट हाउस ने पहले आधिकारिक दस्तावेजों में 27 प्रतिशत टैरिफ की बात कही थी।

बुधवार को रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी, जबकि व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में भारत को 27 प्रतिशत टैरिफ वाली सूची में शामिल किया गया था। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने भी अमेरिका द्वारा भारत पर 27 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की पुष्टि की थी। हालांकि, अब व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में संशोधन किया गया है और भारत के साथ-साथ 15 अन्य देशों को भी एक-एक फीसदी की छूट दी गई है। व्हाइट हाउस द्वारा



शुक्रवार को जारी किए गए संशोधित दस्तावेजों के अनुसार, बोस्निया और हर्जेगोविना का टैरिफ 36 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत, बोत्सवाना का 38 प्रतिशत से 37 प्रतिशत, कैमरून, फाकलैंड आइलैंड, मलावी, म्यांमार, निकारागुआ, नॉर्वे, पाकिस्तान, फिलीपींस, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड और वानुअतु का टैरिफ भी एक-एक प्रतिशत कम किया गया है। पाकिस्तान के लिए रेसिप्रोकल टैरिफ 30 प्रतिशत से घटकर 29 प्रतिशत हो गया है।दूसरी ओर, चीन को इस टैरिफ राहत से कोई छूट नहीं मिली है। अमेरिका ने चीन से आयातित सामान पर 34 प्रतिशत का टैरिफ बरकरार रखा है, जबकि कंबोडिया से आयात पर भारी-भरकम 49 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को पिछले 50 वर्षों से ठगा जा रहा है और यह अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत के बारे में उन्होंने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री उनके अच्छे दोस्त हैं, लेकिन भारत अमेरिका के साथ सही व्यवहार नहीं कर रहा है क्योंकि वह अमेरिकी उत्पादों पर 52 प्रतिशत शुल्क लगाता है, जबकि अमेरिका बहुत कम शुल्क लेता है। ट्रंप ने विदेशों से आयातित वाहनों पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो 3 मई से प्रभावी हो सकता है।

# डोनाल्ड ट्रंप को कनाडा का जवाब, अमेरिकी वाहनों के आयात पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ; फ्रांस ने भी रोका निवेश

ओटावा (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ लगाए जाने के बाद अब ट्रेड वॉर शुरु हो गई है। कनाडा ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब दिया है। कनाडा अब अमेरिका से आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। इसे गुरुवार को लागू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लाए जाने का जवाब माना जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मौजूदा उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौते के लिए कनाडाई संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए अमेरिका से आयातित सभी वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की, जो CUSMA के अनुरूप नहीं हैं। वहीं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन पर से 20 प्रतिशत टैरिफ वापस लेना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषित व्यापक वैश्विक टैरिफ से कनाडा को काफी हद तक बचा लिया। वाशिंगटन ने यूएस-कनाडा-मेक्सिको मुक्त व्यापार समझौते के अनुरूप वस्तुओं को छूट दी है, जो अधिकांश उत्पादों को कवर करता है। हालांकि अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक कनाडा अभी भी ऑटोमोबाइल पर शुल्क के अलावा स्टील, एल्यूमीनियम और अन्य उत्पादों पर टैरिफ का सामना कर रहा है।

# आवास की राशि का अन्य कार्यों में उपयोग न करें हितग्राही : बालागुरु के



सीहोर, ( निप्र)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत इछावर जनपद के ग्राम दुर्गपुरा कलस्टर में 30 पंचायतों के हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया किया गया। इस हितग्राही सम्मेलन में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने हितग्राहियों को आवास निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। इसके साथ ही जिन हितग्राहियों तकनीकि समस्याओं के कारण योजना का लाभ नही मिल पा रहा था, उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। इस दौरान मकान का नक्शा, लेआउट सहित चरण दर चरण निर्माण की पूरी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर बालागुरू के ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता हैं कि उसके पास अपना खुद का पक्का आवास हो। अपने स्वयं के आवास के लिए व्यक्ति दिन रात मेहनत करता है, तब कहीं जाकर वह अपना स्वयं का आवास बना पाता है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना से हितग्राहियों को जो राशि मिलती है, उसका उपयोग आवास बनाने में ही करें, उसे अन्य कार्यों में व्यय न करें। उन्होंने कहा कि जब आप मकान बानाने के लिए सामग्री खरीदने जाएं तो सामूहिक रूप से मिलकर मकान बनाने की सामग्री खरीदें। इससे सामग्री खरीदी पर बचत तो होगी ही बल्कि अधिक परिवहन और मजदूरी का खर्चा भी बचेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कहा कि सभी हितग्राही आवास की राशि मिलने के बाद समय पर अपने आवास का कार्य पूर्ण करें तथा योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए जिला पंचायत या जनपद पंचायत में संपर्क करें। उनकी समस्या का त्वरित निराकरण किया जाएगा। हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीहोर जिले को 24,388 आवासों का नवीन लक्ष्य प्राप्त हुआ है। हितग्राही सम्मेलन में हितग्राहियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रथम किस्त में प्लिंथ निर्माण के लिए 25,000 रूपये, दूसरी किस्त में दीवार चुनाई के लिए 40,000 रूपये, तीसरी किस्त में छत निर्माण के लिए 40,000 रूपये, चौथी किस्त में मनरेगा एवं मजदूरी भुगतान के लिए 35,000 रूपये की राशि प्रदान की जाती है। सम्मेलन में स्वच्छ भारत मिशन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसी प्रकार जिले के सभी जनपदों में कलस्टर लेवल पर हितग्राही सम्मेलन आयोजित किए गए।

# जांच दल ने प्रसूता की बताई गलती, लापरवाह कर्मचारी को बचाने में लगे हैं अधिकारी

-गले में नाल फंसने से नवजात की हुई थी मौत
-मां की खून की कमी होने के कारण हुई मौत




भैरूंदा (निप्र)। सीहोर जिले के भैरूंदा सिविल अस्पताल हमेशा चर्चाओं में रहता है। कभी यहां पर भ्रष्टाचार और मनमानी के किस्से सामने आते हैं तो कभी ईलाज में लापरवाही यहां पर आए दिन होते रेहते है। पिछले दिनों सिविल अस्पताल भैरूंदा में डॉक्टर और नर्सों की लापरवाही के कारण दो मासूम बेटियों के सर से मां का साया ही छिन गया है डिलेवरी के लिए लाई गई महिला और उसके नवजात बच्चे ने दम तोड़ दिया। अब जिम्मेदार मामले को दबाने में लगे हुए हैं, जबकि यहां पर डॉक्टर और नर्सों की घोर लापरवाही सामने आई है।

परिजनों को 12 घंटे तकडॉक्टर, नर्स गुमराह करते रहे कि डिलेवरी होनी वाली है, जबकि 12 बजे महिला और उसके नवजात बच्चे ने दम तोड़ दियाजानकारी के अनुसार ममता पति मनफूल उम्र 35 वर्ष निवासी निरखी तहसील सिवनी मालवा जिला होशंगाबाद गर्भवती थी। वह पिछले चार महीने से अपने मायके ग्राम तजपुरा तहसील भैरूंदा में रह रही थी। रविवार को ममता पति मनफूल को दर्द होने पर परिजन भैरूंदा स्थित सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर सुबह 11 बजे महिला को भर्ती कराया गया। इसके बाद ड्यूटी डॉक्टर एवं नर्सों ने उसका इलाज शुरू किया। परिजन बार-बार डॉक्टर और नर्सों से पूछते रहे कि क्या स्थिति है और डिलेवरी कब तक होगी, इस पर डॉक्टर, नर्स उन्हें बताते रहे कि बस थोड़ी देर में होने वाली है। इसके बाद रविवार रात 11:45 पर महिला को डिलेवरी हुई।

## आष्टा झरखेड़ी की दलित बस्ती में जलसंकट को देखते हुए पीएचई द्वारा नलकूप खनन किये जाने पर माना आभार

सीहोर, (निप्र)। अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री ने आष्टा के ग्राम झरखेड़ी में जलसंकट को देखते हुए दलित बस्ती में पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके से ग्रामीणजनों के साथ पेयजल समस्या के निराकरण की मांग की गई थी। इस अवसर पर श्री खंगराले ने बताया कि पूर्व में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आयुक्त राजस्व भोपाल संभाग सचिव अनुसूचित जाति आयोग, कलेक्टर, प्रमुख अभियंता, कार्यपालन यंत्री सीहोर प्रदीप सक्सेना, नलजन योजना प्रभारी ई. प्रवीण सक्सेना तथा सहायक यंत्री आष्टा जिज्ञासा दिक्षित को भी समय-समय पर ग्राम की दलित बस्ती में अनुसूचित जाति के चन्दर सिंह केथवाल के घर के पास नलकूप खनन कराये की मांग निरंतर की जा रही थी। मंत्री श्रीमती उईके द्वारा दलित बस्ती में पेयजल की भीषण समस्या को देखते हुए निराकरण के निर्देश प्रदान किये गये थे। जिस पर तत्काल पीएचई विभाग द्वारा हेण्डपम्प कराया गया।

## जिले में किए जाएं डूब दुर्घटनाओं की रोकथाम के इंतजाम : बालागुरु के

सीहोर, ( निप्र)। शासन द्वारा प्रदेश की विभिन्न नदियों एवं जल ग्रहण क्षेत्रों में डूब की अत्याधिक घटनाओं की रोकथाम में सभी जिलों को आवश्यक सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न जल ग्रहण स्थलों पर होने वाली डूब दुर्घटनाओं का कारण लोगों की लापरवाही, सुरक्षा नियमों की अनदेखी तथा जागरूकता की कमी है। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में इन घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शासन द्वारा जारी सुझावों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर बालागुरू के द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के उन सभी स्थलों का सर्वेक्षण किया जाएगा, जहां पर डूब दुर्घटना की संभावना हो तथा सुरक्षा के उपाय किए जाएंगे। प्रशासन द्वारा जिले के सभी जलग्रहण क्षेत्रों में नावों तथा नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। सभी असुरक्षित नावों को बंद कराया जाएगा। नावों की क्षमता (यात्रियो की सख्या) नियमानुसार निर्धारित कर नाव पर लिखवाया जाएगा तथा निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने वाली नावों पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। नावों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट, रस्सा आदि न्यूनतम उपकरणों की व्यवस्था कराई जाएगी। सभी दुर्घटना संभावित स्थलों की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही ऐसे स्थानों पर बचाव के लिए चेतावनी संकेत लिखे जायेंगे। खनन द्वारा निर्मित गड्ढों को फेसिंग के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा तथा इन जगहों पर चेतावनी बोर्ड लगाये जायेंगे।

# खिलाड़ियों को मंच देने का काम करता है डीसीए-समाजसेवी अखिलेश राय

जूनियर प्रीमियर लीग का खिताब कृष्णा ब्लास्टर ने जीता, पैंथर को 129 रन के विशाल अंतर से हराया
अंशु सोनी ने खेली 117 रन की विस्फोटक पारी, हासिल किए दो विकेट



सीहोर, (निप्र)। शहर का बीएसआई मैदान क्रिकेटरों के लिए आदर्श है और यहां पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन सीनियर-जूनियर खिलाड़ियों को मंच देने का कार्य करता है। हार-जीत खेल में लगी रहती है, खिलाड़ियों को हमेश धैर्य और ईमानदारी से खेलना चाहिए। उक्त विचार जेपीएल के फाइनल में पुरस्कार वितरण के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने अपनी और से विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पांच हजार की राशि प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, भाजपा युवा मोर्चा के नगराध्यक्ष सुनील राय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, एकलव्य क्रिकेट अकादमी के कोच अतुल कुशवाहा, पीपीसीए अकादमी के कोच अतुल त्रिवेदी, चेतन मेवाड़ा, गौरव पिचोनिया, आदर्श राय ने पुरस्कार वितरण किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर ने निर्धारित 40 ओवर में 210 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसमें अंशु सोनी ने 121 गेंद पर आठ चौके और दो छक्के की मदद से 117 रन की शतकीय पारी खेली, वहीं अंशुल राठौर ने 28 रन, बिलाल खान ने 13 रन बनाए थे। वहीं पैंथर की ओर से केशवादित्य गोहिया ने आठ ओवर में 43 रन देकर दो विकेट, नौतिक गोहिया ने आठ ओवर में 30 रन देकर दो विकेट और वीर गावा-गौरव मेवाड़ा ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मान नष्ट करके गिर्राज पूजा कराई : गिरिजा शंकर तिवारी

सीहोर, ( निप्र)। । शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित मोर गार्डन में दाने परिवार के तत्वाधान में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक पंडित गिरिजाशंकर तिवारी ने श्रीकृष्ण भगवान के छप्पन भोग गोवर्धन पूजा के महत्व को बताया। इस दौरान भगवान गोवर्धन का पूजन भी किया गया। भगवान इन्द्र जब प्रकोप में थे तब उन्होंने वर्षा करके कहर बरपाया। चारों ओर हाहाकार मच गई। गांव जलमग्न होने लगे तब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उंगली पर उठा लिया। इससे गांव के सभी लोग गोवर्धन पर्वत के नीचे गए और वहां शरण ली। भगवान श्रीकृष्ण ने इन्द्र का मान नष्ट करके गिर्राज पूजा कराई थी। तब सभी बृजवासियों ने गोवर्धन पहुंचकर गोवर्धन पर्वत का पूजन किया और 56 भोग लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी वृंदावन में बांके बिहारी को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है। पूरे सात दिन भगवान श्रीकृष्ण ने भूखे प्यासे गोवर्धन पर्वत को उठाए रखा था।

पंडित श्री तिवारी ने बताया कि सोलह कलाओं के कृष्णावतार में भगवान ने असत्य पर सत्य की विजय और धर्म की स्थापना के लिए अर्जुन का सारथी बनना स्वीकार किया था। सहनशीलता मनुष्य को श्रेष्ठ बनाती है। देवकी और वसुदेव ने अपनी सात संतानों को काल के गाल में जाते हुए देखा और उनका दुख बर्दाश्त किया। इसी के परिणामस्वरुप कृष्ण का प्राकट्य हुआ। उन्होंने कहा कि सतयुग में भगवान गरुण की पीठ पर बैठकर आते हैं जबकि त्रेतायुग में भगवान मानव रुप में मानव मूल्यों को निभाते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के रुप में आते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म मनुष्य जीवन के उद्धार के लिए हुआ है। कंस ने उनके जन्म लेने को रोकने के लिए अथक प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हो पाया। अंत में अपने पापों का घड़ा भरने पर श्रीकृष्ण के हाथों मरकर मोक्ष की प्राप्ति की।

## पोस्ट बजट कंसल्टेशन में लखपति दीदियों से संवाद

सीहोर की लखपति दीदी श्रीमती सुरभि शर्मा ने दिया प्रस्तुतीकरण





सीहोर, ( निप्र)। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को पोस्ट बजट कंसल्टेशन का आयोजन सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में वर्ष 2026-2031 के बीच लागू होने वाले Rural Prosperity and Resilience Programme (RPRP) के अंतर्गत देशभर की 11 लखपति दीदियों से सीधा संवाद किया गया।इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला सीहोर में गठित महिला किसान क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर श्रीमती सुरभि शर्मा ने प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने वर्ष 2021 में कंपनी के गठन से लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4 करोड़ रुपये के टर्नओवर तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। सुरभि ने बताया कि किस प्रकार चुनौतियों का सामना करते हुए महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में यह उपलब्धि हासिल की है। कंपनी द्वारा आईटीसी जैसे प्रतिष्ठित बाजार के साथ कार्य किया जा रहा है। सुरभि के उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण पर संयुक्त सचिव, भारत सरकार द्वारा उनकी प्रशंसा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रीमती हर्षिका सिंह ने भी सुरभि शर्मा को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं प्रेरक प्रस्तुतीकरण के लिए हार्दिक बधाई दी।

## थाना शाहगंज पुलिस ने ग्राम नांदेर से सात जुआरियों को पकड़ा 115000 रु किये जप्त

शाहगंज (संजय कलमोर)। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत और एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में जुआरियो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना शाहगंज की पुलिस टीम द्वारा गत रात्रि को मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम नांदेर में दविच देकर जुआं खेलते हुए 7 लोगो को पकड़ा। जिनमे देवीसिंह राजपूत, रिखीराम मालवीय, आबिद ख़ान सभी निवासी नांदेर, रंजीत चौहान निवासी खेरी सिलगेना, मदन राजपूत निवासी माखन नगर, अमित पचौरी, महेश पचौरी निवासी पिपरिया है जिसमे कुल 115000 ( एक लाख पंद्रह हज़ार रुपए)ज़ब्त किए गए । साथ ही घटनास्थल से 5 मोटरसाइकिल तथा 8 मोबाइल फ़ोन और ताश के पत्ते भी ज़ब्त किए गए ।

## ओपन शतरंज चैम्पियनशिप का शुभारंभ

सीहोर, ( निप्र)। जिला शतरंज संघ द्वारा डॉ एस. एस. तोमर के सहयोग से 5 अप्रैल, 2025 को स्व. श्रीमती रेखा तोमर की स्मृति में ओपन शतरंज चैम्पियनशिप, 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का प्रात: 10 बजे पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ जाएगा। इस मौके पर एडिशनल पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत भी उपस्थित रहेंगी। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सिसौदिया और सचिव महेन्द्र व्यास ने बताया कि ओपन शतरंज चैम्पियनशिप इंदौर-भोपाल बायपास रोड, नायरा पेट्रोल पंप के सामने सीहोर स्थित एमराल्ड पैलेस में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष से कम तथा 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी भागीदारी कर रहे हैं। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# सीएम राइज स्कूल में लॉटरी के माध्यम से हुआ प्रवेश चयन




सीहोर, (निप्र)। भैरूंदा स्थित सीएम राइज स्कूल में कक्षा केजी-1 की 30 सीटों के लिए 129 आवेदन प्राप्त होने पर आवेदनों के लिए लॉटरी प्रणाली के माध्यम से चयन किया गया, जिसमें 30 छात्रों का नाम चयनित हुआ। स्कूल में निर्धारित समय दोपहर 2 बजे से लॉटरी प्रक्रिया प्रारंभ की गई और 30 बच्चों का चयन किया गया। प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने बताया कि चयनित बच्चों एवं उनके पालकों का स्कूल द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि सीटों के लिए कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 7 आवेदन अपात्र पाए गए तथा पात्र 122 आवेदकों में से 30 का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में कक्षा 9वीं (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की चयन सूची भी जारी की गई, जिसमें 82 छात्रों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित की गई है।


# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

## निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक 27/मु.अ.( सेतु परिक्षेत्र )/वर्ष 2024-25** — **भोपाल, दिनांक 28/03/2025**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनु. राशि ( रू.लाख में ) | ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_ 412651_1 | उज्जैन | पुल कार्य | **उज्जैन जिले अंतर्गत 03 पुल कार्य :-** 1- उज्जैन जिले के अंतर्गत मंगलनाथ-सिद्धनाथ-अंगारेश्वर मार्ग पर क्षिप्रा नदी पर पहुंचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग स्ट्रीट लाईटनिंग एच.टी./एल.टी. लाईन झेमर एवं हाई मस्ट कार्य सहित। 2-उज्जैन शहर में पिपलीनाका चौराहा से भैरवगढ मार्ग पर क्षिप्रा नदी के समानांतर पहुंचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग स्ट्रीट लाईटनिंग एच.टी./एल.टी.लाईन झेमर कार्य सहित। 3-उज्जैन जिले में पुल दत अखाडा से नरसिंहघाट में क्षिप्रा नदी पर नरसिंहघाट पुल के समानांतर पहुंचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग स्ट्रीट लाईटनिंग एच.टी./एल.टी.लाईन कार्य सहित। (Length of Briges (100.00m Angareshwar Bridge) (175.00m Bhairavgarh Bridge)(99.00m Narsingghat Bridge) Total = 374m) | प्रथम | 2886.53 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_ 412650_1 | उज्जैन | पुल कार्य | उज्जैन जिले के अंतर्गत दुर्गादास की छत्री से गोन्सा गांव (रंजीत हनुमान मंदिर) क्षिप्रा नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग स्ट्रीट लाईटनिंग एच.टी./एल.टी.लाईन झेमर एवं हाई मस्ट कार्य सहित | प्रथम | 1633.44 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_ 412653_1 | बडवानी | पुल कार्य | बडवानी जिले अंतर्गत सिलावद से होलगांव मार्ग पर गोई नदी पर पहुंच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | प्रथम | 859.22 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2025_PWDRB_ 412654_1 | सीहोर | पुल कार्य | सीहोर जिले अंतर्गत सीहोर-श्यामपुर मार्ग में कि.मी. 2/6 में लोकल नाले पर सीवन नदी (दुलहा बादशाह) मार्ग पर पहुंचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य। | प्रथम | 686.55 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | **कुल योग** | | **6065.74** | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18/04/2025 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/11080/25

मुख्य अभियंता
लो0नि0वि0 सेतु निर्माण परिक्षेत्र
भोपाल


**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुरा शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com